दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 268 | जयपुर | शुक्रवार , 01 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-अष्टमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## रामदेवरा में नेत्र कुंभ का शुभारंभ

## रामदेवरा में नेत्र कुंभ का आयोजन बाबा रामदेव के आदर्शों का प्रतीक - सीएम शर्मा

### 33 दिन तक चलेगा नेत्र शिविर, सवा लाख से अधिक लोगों की आंखों की निःशुल्क होगी जांच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बाबा रामदेव जी ने सामाजिक समरसता की स्थापना करने और समाज में गरीब एवं वंचित लोगों की पीड़ा दूर करने का काम किया। इस धरा पर नेत्र कुंभ का आयोजन बाबा रामदेव जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा और मानव कल्याण के उनके आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। श्री शर्मा गुरूवार को जैसलमेर के रामदेवरा में आयोजित नेत्र कुंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा सेवा जीवन में फिर से उजाले भरने जैसा पुण्य कार्य है। यह जनकल्याण और मानव सेवा की मिसाल है, जो सभी वर्गों के लिए समर्पित है।

### बाबा रामदेव मेले में श्रद्धालुओं की आंखों की निःशुल्क जांच -

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति एवं त्योहारों में सेवा का भाव सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि लोकदेवता बाबा रामदेव जी के मेले के शुभ अवसर पर आंखों के इलाज के लिए महाशिविर का आयोजन किया जा रहा है। 1 अगस्त से 2 सितम्बर तक चलने वाले इस शिविर में सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी। साथ ही, 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की आंखों का निःशुल्क ऑपरेशन उनके निवास के नजदीक चिकित्सालय में कराने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम कदम है।

### लोगों के जीवन में उजियारा ला रही राज्य सरकार -

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंत्योदय हमारी नीतियों का प्रमुख ध्येय है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने पिछले डेढ़ साल में अनेक जनकल्याणकारी कदम उठाए हैं। नेत्र स्वास्थ्य को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है ताकि प्रदेशवासियों के जीवन में खुशियां की रोशनी फैलती रहे। प्रदेश में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी तथा नेत्र चिकित्सकों और सहायकों को नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं।



### मा योजना में प्रतिदिन 10 हजार लोगों को मिल रहा कैशलेस उपचार -

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना ( मा ) के माध्यम से गरीब और वंचित परिवारों को 25 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज उपलब्ध करवा रही है। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य बीमा योजना नहीं बल्कि लाखों जिंदगियों को बचाने का एक मानवीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस योजना में प्रतिदिन लगभग 10 हजार लोगों को 10 करोड़ रुपए की राशि का कैशलेस उपचार मिल रहा है। साथ ही, मा वाउचर योजना लागू कर प्रतिमाह 25 हजार गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा भी दी जा रही है। अब तक लगभग 2 लाख 87 हजार महिलाओं को इस योजना के तहत वाउचर दिए गए हैं।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लगभग 50 हजार भर्तियां -

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने पेपरलीक जैसी घटनाओं से युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने का काम किया। हमारी सरकार ने डेढ़ साल में ही पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कार्यकाल से अधिक कार्य किए है। उन्होंने कहा कि हमनें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अब तक लगभग 24 हजार पदों पर भर्तियां की हैं और 26 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रिया में हैं।

### राज्य सरकार आस्था धामों का कर रही विकास -

राजस्थान की धरती शूरवीरों के साथ लोक देवी-देवताओं और संतों की भूमि है। राज्य सरकार आस्था धामों पर मूलभूत सुविधाओं का विकास करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 18 हजार 328 यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन, 55 ट्रेनों से 48 हजार 928 से अधिक यात्रियों को विभिन्न तीर्थ स्थलों पर तथा लगभग 6 हजार श्रद्धालुओं को हवाई यात्रा से नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करवाए गए हैं।

### प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ले रही ऐतिहासिक फैसले

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ऐतिहासिक फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के साथ हमारी सरकार विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। प्रदेश में सतही जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए हमने राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इंदिरा गांधी नहर, गंग नहर के लिए भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए हैं जिससे श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ से लेकर जैसलमेर तक पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। साथ ही, प्रधानमंत्री के कैच द रेन अभियान से प्रेरणा लेकर कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाया।

### मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम

अभियान से प्रेरणा लेते हुए मिशन हरियालो राजस्थान शुरू किया है। इसमें हम 5 साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। पिछले साल सात करोड़ से अधिक पौधे लगाए। इस साल प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिनमें से अब तक सात करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज के पावन अवसर पर एक दिन में प्रदेशभर में ढाई करोड़ पौधे लगाकर रेकार्ड बनाया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नेत्र कुंभ-2025 का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को अपने हाथों से चश्मा पहनाया और उनसे संवाद भी किया। साथ ही श्री शर्मा ने अपनी आंखों की जांच भी करवाई। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि 33 दिन के इस शिविर में लाखों लोगों को नेत्र जांच का अवसर मिलेगा। उन्हें निःशुल्क दवाएं और चश्मे वितरित किए जाएंगे। लोगों को दृष्टि का उपहार देना बहुत बड़े पुण्य का काम है। ऐसे शिविर जन सेवा का बड़ा माध्यम हैं, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य की सौगात हैं।

## राहुल बोले-ट्रम्प ने सही कहा कि इंडियन इकोनॉमी मर चुकी

### इसे मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने गुरुवार को कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है। राहुल का यह बयान ट्रम्प के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा कि मुझे फर्क नहीं पड़ता कि रूस और भारत अपनी डेड इकोनॉमी को कैसे संभालते हैं। दरअसल बुधवार को अमेरिकी ने भारत पर 25% टैरिफ की घोषणा की। इसके बाद से ही कांग्रेस समेत कई पार्टियों से जुड़े लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### राहुल ने लिखा- मोदी ने अर्थव्यवस्था को मारा

राहुल गांधी ने अपने ट्वीटर पर पोस्ट किया- भारत की इकोनॉमी मर चुकी है। इसे मोदी ने मार दिया।

1. मोदी-अडाणी की पार्टनरशिप
2. नोटबंदी और खामियों वाला जीएसटी
3. असेंबल इन इंडिया फेल रहा (राहुल मेक इन इंडिया को असेंबल इन इंडिया कहते हैं)
4. एमएमएमईएस यानी छोटे-मध्यम उद्योग खत्म हो गए
5. किसानों को दबा दिया गया मोदी ने भारत के युवाओं का भविष्य खत्म कर दिया, क्योंकि नौकरियां नहीं हैं।

## देश का नेतृत्व कमजोर, रोज मान-सम्मान गिर रहा : डोटासरा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र और राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि देश का नेतृत्व कमजोर होने के कारण देश का रोज मान सम्मान गिर रहा है। जिन आतंकवादियों ने हमारे 26 लोगों की हत्या कर दी, उसके बाद एक के बदले 10 सिर लाने के वादे का क्या हुआ? ट्रंप की धमकी से सीजफायर क्यों किया? देश का मान- सम्मान और स्वाभिमान क्यों गिराया? ट्रंप 32 बार बोल चुका और देश के प्रधानमंत्री एक बार भी नहीं बोले। डोटासरा ने कहा- कल राहुल गांधी ने संसद में कहा कि आप में हिम्मत है तो बोलिए कि ट्रंप के कहने से सीजफायर नहीं किया, लेकिन पीएम यह नहीं बोल पाए। इसलिए नहीं बोल पाए कि हमारे देश का कमजोर नेतृत्व है और उस कमजोर नेतृत्व के कारण हमारा स्वाभिमान और मान सम्मान हर दिन गिर रहा है, यह हम सबके लिए दुखद है। डोटासरा ने कहा- आगे कोई टेंडर नहीं होने वाला है। दिसंबर तक इनकी ये हालत हो जाएगी कि ये कर्मचारियों की सैलरी भी नहीं दे पाएंगे।

## 6 भारतीय कंपनियों पर ट्रम्प ने बैन लगाया

### कहा- ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हॉन्गकॉन्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की।

मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है।

ईरान ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी इकोनॉमी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। दूतावास ने कहा- अमेरिका, ईरान और भारत जैसे आजाद देशों पर प्रतिबंध लगाकर उनकी प्रगति और विकास को रोकने की कोशिश कर रहा है। ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। यह एक तरह का आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवाद है। इन नीतियों का विरोध करना मजबूत ग्लोबल साउथ के लिए खड़ा होना है।



### अमेरिका का ईरान पर आतंकी संगठनों को फंडिंग का आरोप

ये प्रतिबंध ईरान पर अमेरिका की मैक्सिमम प्रेशर की नीति का हिस्सा हैं। अमेरिका का दावा है कि ईरान अपने तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री से जो आमदनी करता है, उसका इस्तेमाल मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में करता है। अमेरिका ने कहा है कि प्रतिबंधों का मकसद सजा देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है। प्रतिबंधित कंपनियां अगर चाहें, तो अमेरिकी ट्रेजरी विभाग से प्रतिबंध हटाने की अर्जी दे सकती हैं। इस कार्रवाई में भारत के अलावा तुर्की, चीन,यूएई और इंडोनेशिया की कुछ कंपनियों को भी निशाना बनाया गया है।

### बीआरएस विधायक दलबदल केस, स्पीकर 3 महीने में फैसला लें

## सुप्रीम कोर्ट बोला- ऐसी स्थिति मंजूर नहीं जहां ऑपरेशन कामयाब रहे, भले मरीज मर जाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के दल-बदल केस में सुनवाई की। कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर को आदेश दिया कि वह संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत इन विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिकाओं पर 3 महीने में फैसला लें।

चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चौहान की बेंच ने कहा, हम ऐसी स्थिति को अनुमति नहीं दे सकते जहां ऑपरेशन सफल हो, लेकिन मरीज मर जाए। कोर्ट ने यह टिप्पणी उस संदर्भ में की है जिसमें विधायकों पर फैसले लेने में इतनी देरी न हो जाए कि उनका कार्यकाल ही खत्म हो जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के 22 नवंबर को दिए गए उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें सिंगल जज के स्पीकर को कार्यवाही का समय निर्धारण करने का निर्देश रद्द कर दिया गया था।






## हाईकोर्ट बोला-करप्शन-केस की अपीलों में देरी करना सरकार की आदत

### एक्सपर्ट के कहने पर भी पूर्व आईएएस के भ्रष्टाचार मामले में अपील नहीं की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में न्यायालय द्वारा सरकार के खिलाफ होने वाले निर्णयों के विरुद्ध अपील में देरी करने और अपील नहीं करने के सरकार के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने आरएएस अशोक सांखला की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। अदालत ने कहा- इस मामले में लगाए गए आरोपों की गंभीरता का हमें एहसास है। रिकॉर्ड पर जो तथ्य हैं, उनसे लगता है कि राज्य सरकार और उसके अधिकारियों की भ्रष्टाचार के मामलों में अपील करने में देरी करने की आदत बन गई है। किसी भी मामले में प्रभावी और त्वरित डिस्पोजल के लिए जरूरी है कि उसमें देरी नहीं हो। अदालत ने इस मामले में सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता के खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक भी लगा दी है।

### पूर्व आईएएस के मामले में अपील नहीं करने का निर्णय

दरअसल, अलवर एसीबी ने 2022 में पूर्व अलवर कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया, आरएएस अशोक सांखला और एक दलाल को 5 लाख रुपए रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया था। राजस्थान हाईकोर्ट ने 19 मार्च 2023 को पूर्व आईएएस अधिकारी नन्नूमल पहाड़िया के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मामले को रद्द कर दिया था।



इस पर एसीबी और एएजी ने कुछ बिंदुओं के आधार पर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की राय दी थी। लेकिन, सरकार ने अपील नहीं करने का निर्णय लिया। इस पर मामले में सह-आरोपी तत्कालीन भू-प्रबंध अधिकारी अशोक सांखला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके कहा कि मामले में मुख्य आरोपी के खिलाफ हाईकोर्ट ने मामला रद्द कर दिया।

वहीं सरकार ने मामले में अपील नहीं करने का निर्णय लेकर फैसले को स्वीकार कर लिया है।

# ब्यावर जिले के समीप देवनगर चाँग में प्रशासन की अनदेखी से बाबा रामदेव मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण, श्रद्धालु परेशान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्व ग्राम देवनगर चाँग, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर की भूमि पर अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। प्रशासनिक लापरवाही और निष्क्रियता के चलते स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। मंदिर की भूमि, जो खसरा संख्या 4149 (क़िस्म ग़ैर मुमकिन मगरी – चारागाह हेतु) पर स्थित है, पर लगातार अवैध कब्जे की कोशिशें जारी हैं, लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

मामले में उपतहसीलदार सेन्दड़ा कार्यालय ने मुकदमा संख्या 97/2025 के तहत 23 मई 2025 को बेदखली के आदेश जारी किए थे, जिस पर सिविल न्यायाधीश ने यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके बावजूद, आदतन अतिक्रमी बार-बार नाम बदलकर भूमि पर दोबारा कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायतों और दस्तावेजी आदेशों के बावजूद आज तक मौके पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। पूर्व में भी कार्यालय उपखंड अधिकारी रायपुर ने पत्र क्रमांक राजस्व 2020/1450 दिनांक 3 सितम्बर 2020 को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके पश्चात, 20 मार्च 2023 को पत्र क्रमांक 2023/886-89 के तहत राजस्व धारा 91 एल.आर. एक्ट में बेदखली के आदेश हुए और पुलिस सहायता मांगी गई। पुनः 2023 में पत्र क्रमांक 2023/220-222 के माध्यम से पुलिस सहायता के लिए निवेदन किया गया, लेकिन प्रशासन ने सिर्फ औपचारिक आदेश निकालकर खानापूर्ति की और जमीन से कब्जा नहीं हटवाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अतिक्रमणकारी बार-बार न्यायालय से स्टे ले आते हैं और प्रशासन उन्हें बार-बार मौके देकर लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। खसरा संख्या 4149 पर पूर्व में मोहम्मद अली ऊर्फ देबी पुत्र किशना एवं उनकी धर्मपत्नी जनता के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई थी, लेकिन अब उनके परिवार के अन्य सदस्य रेशमा काठात आदि द्वारा फिर से मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।ग्रामवासियों ने बताया कि प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर, जो हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है, वहां अतिक्रमणकारियों द्वारा पूजा करने से रोका जा रहा है। इतना ही नहीं, मंदिर आने पर जान से मारने की खुलेआम धमकियाँ भी दी जा रही हैं, जिससे श्रद्धालुओं में भय का माहौल बना हुआ है।

### ग्रामवासियों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वे तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाकर मंदिर की भूमि को मुक्त कराएं, दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करें और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## डीपीएस, उदयपुर की टीम ने शतरंज में जीता स्वर्ण पदक




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की शतरंज के खिलाड़ियों की टीम ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मुरैना, मध्य प्रदेश में 26 से 30 जुलाई तक आयोजित वेस्ट जोन चेस चैंपियनशिप में में भाग लिया। डीपीएस की अंडर 14 (बालक वर्ग) टीम ने प्रथम स्थान पर अपनी जीत दर्ज करवाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने बताया कि इस टीम में अगस्त्य लोढ़ा, हेयांश पंडया, लव अग्रवाल तथा पुरंजय चैधरी ने अपनी बुद्धिमत्ता, एकाग्रचित्तता व कुशलता से यह जीत हासिल की है। प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने विजेता खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## काबरा एवं कोटड़ी पंचायतों में जल आपूर्ति सुविधा हेतु 4.67 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को लेकर एमओयू आज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( सुरेश बागोरा )।** जनहित और जनकल्याण के उद्देश्य से जिले की काबरा और कोटड़ी पंचायतों में जल आपूर्ति सुविधा को सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस क्रम में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) तथा राजस्थान सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह कार्यक्रम बुधवार, 1 अगस्त 2025 को प्रातः 10.00 बजे, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, राजसमंद के कार्यालय में आयोजित होगा। अधिशाषी अभियंता लोकेश सैनी ने बताया कि समझौता ज्ञापन के तहत हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक (प्रथम पक्ष) और राजस्थान सरकार के पीएचईडी विभाग की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता, क्षेत्र-उदयपुर (द्वितीय पक्ष) हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता दोनों पंचायत क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु ?4.67 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने से संबंधित है। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है जो स्थानीय स्तर पर जल संकट को दूर करने और स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा।

## सम्पूर्णता अभियानः आकांक्षा हाट का शुभारंभ आज, सम्मान समारोह भी होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में शुक्रवार, 1 अगस्त को 'सम्पूर्णता अभियान' के तहत एक भव्य जिला स्तरीय सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का शुभारंभ किया जाएगा। सीपीओ संजय शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करना एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान करना है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे जिला परिषद राजसमन्द के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नीति आयोग द्वारा चयनित आशान्वित ब्लॉक भीम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही आकांक्षा हाट का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देना, स्वरोजगार को प्रोत्साहन देना तथा ग्रामीण महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और हस्तशिल्पियों को एक सशक्त आर्थिक मंच प्रदान करना है। यह हाट स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं को बाजार से जोड़ने का माध्यम बनेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## सदर थाना पुलिस ने खेड़ा तिराहे पर लगाई बेरीकेड साधनों को महावीर जी की और किया डाइवड

हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता)

पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़े जाने के कारण कटकड़ स्थित पुलिया पर तेज बहाव चल रहा है। इस कारण थाना सदर हिंडौन की ओर से गंगापुर जाने वाले वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है।पिता-पुत्र की बहने से हो गई थी मौतपुलिस ने पुलिया के दोनों ओर बेरिकेड्स लगाकर वाहन चालकों को हिदायत दी है। इसके बावजूद जबरन पुलिया पार करने की कोशिश करने वाले 7 लोगों को पुलिस ने डिटेन किया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। पिछले दिनों इसी पुलिया पर पानी के तेज बहाव में बाइक से पार करते समय पिता-पुत्र नदी में बह गए थे, जिससे दोनों की मौत हो गई थी।पुलिस टीम मौके पर तैनातसदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर तैनात है। सुरक्षा के लिए सड़क को दोनों ओर से जेसीबी से खोदकर मिट्टी की दीवार भी बनाई गई है। साथ ही एडवाइजरी जारी करते हुए पोस्टर, होर्डिंग्स और बेरिकेड्स भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों को भी नदी क्षेत्र से दूर रहने के लिए सावधान किया गया है। पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है ताकि कोई अनहोनी न हो।

# क्षेत्र में मानसून की सबसे अधिक वर्षा, जनजीवन प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र में मानसून की अब तक की सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। वर्षा मापी केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बुधवार को कुल 115 मिमी बारिश दर्ज की गई। अत्यधिक बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिनमें पावटा हाइवे की सर्विस लाइन, सुभाष चौक, अम्बेडकर कॉलोनी, चांदोली-दुदावास, रामपुरा और जयसिंहपुरा शामिल हैं। मुख्य मार्गों पर पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर ने पहले ही स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया था, जिससे विद्यार्थियों को राहत मिली। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से नाले की सफाई करवाई, जिससे पानी की निकासी शुरू हो सकी और बस्तियों को राहत मिली। कस्बे से होकर बहने वाली खार नली नदी में भी तेज जलप्रवाह देखा गया। नरसिंह मंदिर के पास स्थित पुलिया पर कचरा जमा होने के कारण पानी का निकास अवरुद्ध हो गया, जिससे आसपास की बस्तियों में पानी भर गया और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। स्थानीय प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे वर्षा के दौरान सतर्क रहें, अनावश्यक रूप से जलमग्न रास्तों पर न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता केंद्रों से संपर्क करें।



# चेतना की मौत के बाद भी नहीं लिया सबक, खुले बोरवेल दे रहे हैं हादसों को न्योता

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली क्षेत्र में तीन साल की चेतना की बोरवेल में गिरने से मौत के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। पावटा उपखंड क्षेत्र में खुले बोरवेल आज भी हादसों को न्योता दे रहे हैं। प्रशासन के दावों के बावजूद क्षेत्र में अब भी खुले बोरवेल हैं, जो जानवरों और मानव जीवन दोनों के लिए खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पावटा के किला ऊपर वार्ड नंबर 12 में नवनिर्मित कॉलेज के पास एक बोरवेल खोदा गया था, जो विभागीय लापरवाही से खुला पड़ा है। लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से इस कच्चे और खुले बोरवेल को अविलंब बंद करने की मांग की है। उपखंड अधिकारी



कपिल कुमार उपाध्याय को दूरभाष पर दी सूचना पर उन्होंने आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों को मौके भेज दिये है और मामले की जांच करवाकर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से करेंगे। गौरतलब है कि कोटपूतली में किरतपुरा की ढाणी बड़ियाली में 3 वर्षीय मासूम चेतना 170 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई थी, जिसे निकालने के लिए बड़े स्तर पर कई दिनों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह खुले बोरवेलों को ढंकवाने और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। स्थानीय निवासियों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल जानवरों के लिए, बल्कि मानव जीवन के लिए भी खतरा बन सकता है।

## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा गुरुवार को सीबीईओं कार्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि ब्लॉक शिक्षाधिकारी धर्मवीर जिंदोलिया ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का उद्देश्य हरियालो राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपन करना था। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए, जिनमें शिक्षा विभाग के सुरेश कसाना, रेखा यादव, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा और शिक्षाविद गजानंद टीलावत शामिल थे। कार्यक्रम संयोजक मोहन लाल सैनी ने पर्यावरण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पौधारोपन न केवल हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी से पौधारोपन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसे सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस दौरान सुनील कुमार, संदीप, विजय सिंह चौधरी, जुगल किशोर, सेवानिवृत श्याम सुंदर आर्य, चेतन शर्मा, सेवानिवृत्त रामजीलाल आर्य, ओम प्रकाश यादव, रतन लाल आर्य, राजू शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व मास्टर्स लॉन टेनिस प्रतियोगिता में उदयपुर के दीपांकर सिंगल्स व डबल्स में रनर अप रहे

**उदयपुर ( नि.स. )।** अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन के तत्तवावधान महाराष्ट्र के सोलापुर में आयोजित में विश्व मास्टर्स लॉन टेनिस प्रतियोगिता आज सम्पन्न हुई जिसमें उदयपुर के 60 वर्ष आयु वर्ग में दीपांकर चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल्स एवं डबल्स में रनर अप रहे। सिंगल्स में दीपांकर ने इस वर्ष के भारतीय टीम के लॉन टेनिस खिलाड़ी राजन बेरी को क्वार्टश्र फाईनल में एवं पवन जैन को सेमिफाईनल में हराया। सिंगल्स फाईनल में वे भारतीस टीम के कप्तान चन्द्रभूषण से मुकाबला हार गये। डबल्स फाईनल में दुर्भाग्यवश दीपांकर के पार्टन्र महाराष्ट्र के शिरिश नंदूकर के चोटिल हो जाने के कारण फाईनल में वाक ओवर देना पड़ा।

## मारू सैन समाज मगरा क्षेत्र विकास समिति के चुनाव सम्पन्न, श्रवण सैन बने अध्यक्ष

### भंवरलाल सैन शेखावास ग्रामीण एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** मारू सैन समाज मगरा क्षेत्र विकास समिति के चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। इस अवसर पर नाईयों की फुलिया, उदयपुर रोड स्थित सेन भवन में समाज बंधुओं की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत समिति के संरक्षक रविशंकर मकाणा, मदन लाल जालिया, सचिव पारस सैन एवं कोषाध्यक्ष सुरेश सैन की उपस्थिति में समिति के अध्यक्ष श्रवण सेन द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।

समाज बंधुओं की सर्वसम्मति से श्रवण सैन (गोहाना) को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। वहीं, ग्रामोज एसोसिएशन के लिए तीन उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद हेतु नामांकन किया, जिनमें भंवरलाल सैन (शेखावास) को सर्वाधिक मतों के आधार पर विजयी घोषित किया गया।

चुनाव उपरांत दोनों नव-निर्वाचित अध्यक्षों का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से भागचन्द सैन, रविशंकर मकाणा (बदनोर), श्रवण सैन (गोहाना), पारस सैन, सुरेश सैन, नैनाराम सैन, हमीरलाल सैन, पुखराज सैन, दिनेश सैन, अमरचंद, फूलचंद, गोपाल सैन, रमेश सैन, कैलाश सैन, यशवंत सै्न्, ज्ञानचन्द सेन, सेवाराम सैन, हरीलाल सैन, हंसराज सैन, शंकर भाईसैन देवाता, राजू जालवाल व पवन सांखला आदि उपस्थित थे।

# निक्षय मित्र अभियान के तहत केडी आई हॉस्पिटल ने पोषण किटों का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** स्वास्थ्य विभाग के निक्षय मित्र अभियान के अंतर्गत गुरुवार को यहां राजकीय जिला अस्पताल के लेव परिसर में टीवी मरीजों को केडी आई हॉस्पिटल की ओर से पोषण किटों का वितरण किया गया। राजकीय जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पुष्पेन्द्र गुप्ता ने बताया कि निक्षय मित्र अभियान के तहत टीवी मरीजों को पोषण किटों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 टीवी मरीजों को केडी आई हॉस्पिटल की ओर से पोषण किटों का वितरण किया गया। इस मौके पर केडी आई हॉस्पिटल के हेमन्त मीणा, अरबाज, संदीप, आमीन, अब्दुल, साहब सिंह, समाजसेवी इकरामुद्दीन सैफी, नेत्र सहायक पूरन मीना, लैब प्रभारी कलमलजीत, टीवी यूनिट के नोडल प्रभारी मनोज आदि मौजूद रहे। इस दौरान टीवी मरीजों को निक्षय मित्र अभियान के बारे में जानकारी देने के साथ उच्च गुणवत्ता का पोषण उपयोग में लेने के लिए कहा। स्वास्थ्यकर्मियों ने रोगियों को पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और नियमित दवा सेवन के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों




को उचित पोषण प्रदान कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। निक्षय मित्र अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग समुदाय में टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है।

## पीएफसी एजुकेशन ने आयोजित किया यंग एंटरप्रेन्योर कार्यक्रम, मेधावी छात्रों को यंग अचीवर अवॉर्ड से किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर के प्रतिष्ठित अकाउंटिंग संस्थान पीएफसी एज्यूकेशन द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रमयंग एन्टरप्रिन्योर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उदयपुर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लेकर अपने व्यावसायिक विचारों को प्रस्तुत किया और निवेशकों की भूमिका निभा रहे निर्णायकों के समक्ष उन्हें पिच किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता,नेतृत्व, टीमवर्क और व्यावसायिक सोच को प्रोत्साहित करना था। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न उद्योगों से जुड़े व्यवसायिक मॉडल पर काम किया और नवाचार की झलक प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल और विशेष अतिथियों की भूमिका में शहर की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। पीएफसी एज्यूकेशन की डायरेक्टर मीनाक्षी भेरवानी, तारिका भानुप्रताप, शिल्पा गोयल, पूजा छाबड़ा, हरीश राजानी, नेहा पालीवाल, आरजे काव्य, और




संस्थान के शिक्षक हुसैन अली बोहरा एवं गुंजन वधवानी ने प्रतिभागियों के आइडियाज का मूल्यांकन किया।

## मुख्यमंत्री की रामदेवरा यात्रा



# मुख्यमंत्री शर्मा ने की पदयात्रा बाबा रामदेव पैनोरमा से बाबा रामदेव मंदिर तक मुख्यमंत्री चले पैदल पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को एक दिवसीय जैसलमेर यात्रा के दौरान रामदेवरा में बाबा रामदेव पैनोरमा से बाबा रामदेव मंदिर तक पैदल यात्रा की। शर्मा ने इस पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से आत्मीयता से मुलाकात की। श्रद्धालु भी अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर बेहद उत्साहित नजर आए। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं (जातरूओं) ने विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री का फूल बरसाकर तथा माला पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव की ध्वजा (नेजा) थामे पैदल यात्रा की। इस भक्तिमय माहौल में लोक कलाकार रिक्खियां गाते हुए मुख्यमंत्री के साथ-साथ चले।

### मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव एवं डालीबाई के समाधि स्थल के किए दर्शन–

पदयात्रा समाप्त होने पर मुख्यमंत्री बाबा रामदेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा रामदेव की समाधि स्थल के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद श्री शर्मा डालीबाई के समाधि स्थल भी पहुंचे तथा वहां भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थित जम्मा जागरण स्थल पर बाबा रामदेव की रिक्खियों का श्रवण भी किया।

### मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव पैनोरमा का किया अवलोकन

इससे पहले मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव पैनोरमा का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने पैनोरमा में किए गए बाबा रामदेव के जीवन वृतांत के सुंदर चित्रण को सराहा। इसके बाद श्री शर्मा ने परिसर में बरगद का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक, विधायक श्री छोटू सिंह भाटी, महंत प्रताप पुरी, श्री बाबू सिंह राठौड सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, हैलीपेड पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# जिले में अति वर्षा की चेतावनी के चलते दो दिन का अवकाश और बढ़ा

## 1 व 2 अगस्त को भी बंद रहेंगे जिले के सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश और आगामी दो दिनों के लिये मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी को देखते हुये जिला प्रशासन ने ऐहतियात के तौर पर एक बार फिर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश बढ़ा दिया है। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आदेश जारी कर 1 व 2 अगस्त को भी जिले के समस्त सरकारी व निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक) और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि भारी वर्षा के कारण छात्रों और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये यह निर्णय लिया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी 30 व 31 जुलाई को बारिश के कारण अवकाश घोषित किया गया था। अब दो दिन का और अवकाश जोड़ने के साथ कुल चार दिन तक जिले के बच्चों को स्कूल और आंगनबाड़ी से राहत मिली है। जारी आदेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि जिले में संचालित सभी शैक्षणिक और आंगनबाड़ी संस्थान अवकाश के दौरान पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। यदि कोई संस्था प्रमुख आदेश की अवहेलना करता है तो उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्यवाही की जायेगी। प्रशासन ने उपखंड अधिकारियों,



तहसीलदारों व शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आदेश की अनुपालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

### अवकाश की अवहेलना करने पर प्रियंका गोस्वामी के सख्त तेवर

जिला कलक्टर ने बताया कि यह आदेश केवल कक्षा 01 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर लागू होगा। विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्टॉफ यथावत कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्देशित किया है कि वह आदेश की अक्षरशः पालना कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाड़ी केंद्र उक्त समयावधि में विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में विहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

# युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिये समन्वय से कार्य करें विभाग : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सैंटर (एन-कोर्ड) की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** नार्को कोर्डिनेशन सैंटर (एन-कोर्ड) की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ-साथ जिले में नशा मुक्ति के लिये समुचित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने और नशा मुक्त अभियान में आमजन की सहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी को जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग को पुलिस विभाग से समन्वय रखते हुये कार्य योजना बनाकर एक निश्चित दिन पर शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से नशे के दुष्प्रभावों व रोकथाम के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया।

# अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा 05 से 22 अगस्त तक

## आर.आर कॉलेज के ग्राउण्ड में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती हेतु अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, खैरथल-तिजारा व कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा राजऋषि कॉलेज अलवर के ग्राउण्ड में 05 से 22 अगस्त तक आयोजित होगी। सेना भर्ती निदेशक कर्नल आलोक रंजन ने बताया कि रैली स्थल में प्रवेश सिर्फ रैली एडमिट कार्ड व जरूरी दस्तावेजों के साथ ही दिया जायेगा। अभ्यर्थी समय पर अपना रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें और रैली नोटिफिकेशन में बताए गए सभी दस्तावेज की मूल दस्तावेज की तीन प्रतिलिपि और स्वयं की नवीनतम 20 पासपोर्ट साईज की फोटो लेकर आयें। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को आधार द्वारा लिंक मोबाईल फोन (स्मार्ट फोन) आवश्यक रूप से लेकर रैली ग्राउण्ड में निर्धारित समय पर पहुँचे और जिसमें मोबाईल डाटा पैक होना चाहिये। उन्होंने उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे दलाल/धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति से दूर रहे और नशीली दवाओं के प्रयोग से बचें। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार फर्जी दस्तावेजों के साथ रैली में प्रवेश करने की कोशिश ना करें। ऐसे अभ्यर्थियों पर पुलिस व प्रशासन की तरफ से सख्त कार्यवाही की जायेगी। किसी भी समस्या के पुख्ता, दुरूस्त, सही व समय रहते समाधान के लिये भर्ती कार्यालय अलवर से संपर्क करें। सभी सफल उम्मीदवारों को उनके ई मेल द्वारा सूचित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सेना द्वारा ऑनलाईन भर्ती परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक विभिन्न हिस्सों में आयोजित की गई है। राजस्थान के सेना भर्ती कार्यालय अलवर के अन्तर्गत 06 जिलों (अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, खैरथल-तिजारा व कोटपूतली-बहरोड़) के उम्मीदवारां ने लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा का परिणाम 26 जुलाई को जारी कर दिया गया है।

**Government of Rajasthan**
**Additional Director State IInsurance And Provident Fund**
**(General Insurance Fund)**
D-block,Second Floor,vitta Bhawan,Janpath,Jyoti Nagar,Jaipur

**Notice Inviting Tender**

RFP Reference No.: F1(02)GS/STORE/MMPBY/DEEMAND/2024-25/2259 DATE:-22.7.2025

UBN NO.:IPF2526GSGB00022
Bid Number :-GEM/2025/B/6468118

In Reference to the RFP for purchase of Desktop Computer Laptop and Multifucntion Printer under Mukhyamantri Mangla Pashy Bima Yojna is issued and can be accessed from http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sipf.rajasthan.gov.in and Gem portal.

**-Sd-**
**Ritu Nanda**
**Addtional Director (GIS)**
**SI&PF, Department**
**Vitta Bhawan, Jaipur**

**DIPR/C/10774/2025**

# फोर्टी प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से की मुलाकात

## शहर में व्यावसायिक ठगी पर लगाम लगाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी ) के प्रतिनिधि मंडल ने आज पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा से मुलाकात की। फोर्टी प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक सुरजाराम मील,अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पदाधिकारी मुकेश खुराना, मनीष अग्रवाल और प्रशांत शर्मा शामिल थे। इस मौके पर फोर्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर के व्यापारिक क्षेत्र में हो रही ठगी और जलसाजी की घटनाओं के खिलाफ डीजीपी को अवगत कराया। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि जयपुर व्यापारिक नजरिए से शांतिपूर्ण शहर है लेकिन कुछ आपराधिक तत्व जयपुर के व्यावसायिक वातावरण को दूषित कर रहे हैं। हाल ही में एक ऐसी घटना हुई है जिसमें फोर्टी के उपाध्यक्ष राजेश नागोरी जो ज्वेलरी ट्रेडिंग का काम करते हैं उनकी फॉर्म स्वस्तिक सेल्स इनकॉरपोरेशन से जय जवान कॉलोनी निवासी बुटीक संचालक महिला दीप्ति विशाल जैन ने ट्रेडिंग के लिए करीब 1.56करोड़ रुपए कीमत के गहने लिए, लेकिन ना तो उसने उन गहनों की कीमत चुकाई और ना ही गहने वापस लौटाए,इस महिला के खिलाफ आदर्श नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही ।

# शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी बॉयफ्रेंड के खिलाफ पॉस्को एक्ट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली युवती का आरोप है कि जनवरी -2024 में उसकी आरोपी से मुलाकात हुई थी। लगातार बातचीत होने के बाद दोनो में गहरी दोस्ती हो गई। आरोपी ने उसे बहाने से मिलने बुलाया और अकेला पाकर उसके साथ जबदस्ती की। जिसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ डेढ़ साल तक अलग-अलग जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने जल्दी ही शादी करने का झांसा दिया। दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद युवती को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर उसने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया।

OFFICE OT THE EXECUTIVE ENGI-NEER P.W.D. DN. ALIGARH

NO. 1154=53 Dated:-21.7.2025

Notice Inviting Bid 08/2025-26

9 Nos. Bids for Missing Link & Renewal Roads works are invited from interested bidders upto 01.8.2025 Time 6.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procuremenst portal (http:// eproc.rajasthan.gov.in, http:// sppp.rajasthan.gov.in) of the state and public works department Rajasthan Website. The approximate value of the procurcmcnt is Rs. 863.36 Lacs.

NIB Code PWD2526A2125
UNM IS
1. PWD2526WSOBO7677
2. PWD2526WSOBO7678
3. PWD2526WSOBO7689
4. PWD2526WSOBO7690
5. PWD2526WSOBO7691
6. PWD2526WSOBO7692
7. PWD2526WSOBO7693
8. PWD2526WSOBO7694
9. PWD2526WSOBO7695

**(B.S.Meena)**
**Executive Engineer,**
**P.W.D Dn.Aligarh**

# राजस्थान पुलिस की साइबर स्लेवरी पर बड़ी चेतावनी: विदेश में नौकरी के नाम पर बन सकते हैं साइबर गुलाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक बेहद खतरनाक ट्रेंड साइबर स्लेवरी (साइबर गुलामी) को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। पढ़े-लिखे और तकनीकी रूप से सक्षम युवाओं को विदेश में आकर्षक नौकरियों का लालच देकर दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में फंसाया जा रहा है। जहाँ उन्हें बंधक बनाकर जबरन साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक (साइबर अपराध) शान्तनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी युवाओं को लाओस, म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में आईटी सेक्टर में सुनहरे अवसरवका झांसा देते हैं। एक बार जब ये युवा वहाँ पहुँच जाते हैं तो उनके पासपोर्ट और अन्य पहचान पत्र छीन लिए जाते हैं और उन्हें शारीरिक तथा मानसिक रूप से बंधक बनाकर साइबर गुलाम बना दिया जाता है। इसके बाद उनसे जबरन भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी करवाई जाती है।

**प्रपत्र संख्या 7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( प्रथम ) देवस्थान विभाग, जयपुर, राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-1/TRUST/2025/455
चूंकि प्रार्थी श्री प्रदीप माथुर, ए-87,श्याम नगर जयपुर,ने राजस्थान सार्वजनिक पून्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत पून्यास। शिवचरण माथुर सोशल पॉलिसी रिसर्च इन्सट्टीटयूट,5-डी,झालाना इन्स्टीटूयूट एरिया, जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त पुन्यास जिसकी जांच की जा रही है। में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है। कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख के साठ दिन के भीतर उक्त पून्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां ,यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र-पत् निधारित नीति से निर्णित किया जावेगा। तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14/7/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23/9/25

**सहायक आयुक्त ( प्रथम )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**प्रपत्र संख्या 7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( प्रथम ) देवस्थान विभाग, जयपुर, राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-1/TRUST/2025/466
चूंकि प्रार्थी श्री अशोक कुमार रांका,596, आचार्य कृपलानी मार्ग नियर मोती डूंगरी पुलिस थाना , आदर्श नगर जनता कॉलोनी, जयपुर 302004 ने राजस्थान सार्वजनिक पून्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत पून्यास महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन ,एस-10, जनता कॉलोनी जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किए जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त पुन्यास जिसकी जांच की जा रही है। में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है। कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख के साठ दिन के भीतर उक्त पून्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां ,यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र-पत् निधारित नीति से निर्णित किया जावेगा। तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14/7/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 19/9/25

**सहायक आयुक्त ( प्रथम )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड टोंक**

क्रमांक:-अअ टोंक/जन.स्वा./निविदा/2025-26/ 2652-2651 दिनांक: 21.7.2025

निविदा सूचना 55-56/2025-26 के लिए नोट प्रकाशन

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीनस्थ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा में अंकित दिवस तक किसी भी कार्य दिवस को निविदा शुल्क राशि नकद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। डाउनलोड़ किये गये निविदा प्रपत्रों का निविदा शुल्क खजांची को नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट से धरोहर राशि के साथ जमा कराना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | खण्ड टोंक के अधीन विभिन्न कार्य। |
| NIJ NO. | PHE2526A2369 |
| UBN NO | PHE2526WSRC04796, PHE2526WSRC04797 |
| निविदा बेचने की तारीख | 4.6.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क जमा कराने की तारीख | 4.8.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | 5.8.2025 सांय 3.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की तारीख | 5.8.2025 सांय 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 5.8.2025 सांय 3.30 बजे तक |

संवेदक वेबसाईट से उक्त निविदा का विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन.स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**
**खण्ड, टोंक।**

## सम्पादकीय

# अमेरिकी मनमानी

एक बार फिर अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर तलवार खिंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को तंज के साथ यह घोषणा कर दी कि उनका मित्र भारत 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करेगा। दरअसल, ट्रंप को यह लगता है कि अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में ज्यादा लाभ होना चाहिए। वह भारत को मित्र बताते हैं, पर तुलना करते हुए कहते हैं कि अमेरिका जितने उत्पाद भारत को निर्यात कर सकता है, उतना वह नहीं कर पा रहा है। उन्हें यह शिकायत रही है कि भारत के टैरिफ बहुत ज्यादा हैं और भारत वैश्विक व्यापार में सबसे कठोर नीतियों का पालन करता है। ट्रंप की यह शिकायत या दलील सही नहीं है। ट्रंप को भारत की स्थिति की कोई परवाह नहीं है। अफसोस, वह भारत को मित्र बताते हैं, पर उन्हें भारत की शायद कोई चिंता नहीं है। उन्हें भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है, तभी तो वह 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ के साथ ही जुर्माना भी लगाएंगे।

क्या ट्रंप का यह फैसला या दावा सही है? क्या इसमें अब बदलाव की कोई गुंजाइश है? क्या ज्यादा टैरिफ से दोनों देशों की मित्रता पर ज्यादा असर पड़ेगा? अभी ऐसे अनेक अभियान और समझौते हैं, जिनकी रोशनी में दोनों देश मित्रता के सफर पर निकले हुए हैं। निसार सैटेलाइट भी अमेरिका और भारत की जोड़ी या समन्वय का ही फल है। क्या भारी टैरिफ के बावजूद दोनों देशों के संबंधों पर असर नहीं पड़ेगा? विशेषज्ञ भी मान रहे हैं कि असर पड़ेगा। ट्रंप ने पारंपरिक माध्यम से नहीं, बल्कि ट्रुथ नामक सोशल मंच से यह सूचना जारी की है, आधिकारिक रूप से जब घोषणाएं स्पष्ट होंगी, उसके बाद ही गंभीर विवेचनाओं का दौर शुरू होगा। आने वाले दिनों में यह देखा जाएगा कि अमेरिका और भारत के बीच सीमा शुल्क समझौता किन आधारों पर हुआ। ट्रंप ने तो कभी इस बात को नहीं छिपाया कि उन्हें भारत और रूस की दोस्ती पसंद नहीं है। वैसे, यह दोस्ती पहले भी अमेरिका को पसंद नहीं थी, इसमें भारत को ज्यादा चिंतित होने या अपने फैसले बदलने की जरूरत नहीं है। जो लोग वैश्विक राजनय को जानते हैं, उन्हें यह विडंबना ठीक से पता है कि अमेरिका हमेशा आर्थिक-सामरिक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा है, लेकिन तब भी ट्रंप भारत को मित्र बताते थकते नहीं हैं।

ध्यान देने की बात है कि अमेरिका ने अप्रैल में भारतीय वस्तुओं पर 27 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की थी। अब अगर नई घोषणा लागू हुई और जुर्माना भी लागू हुआ, तो टैरिफ दर 27 से ऊपर ही रहेगी। अतः भारतीय उद्यमियों को पूरी तैयारी रखनी चाहिए। भारत की नीति लंबे समय से संरक्षणवादी रही है और वह अपने किसानों, दुग्ध-उत्पादकों का अहित नहीं कर सकता। कृषि और डेयरी पर अमेरिका को मित्रवत संवेदना के साथ सोचना चाहिए। भारत की आबादी का ढांचा अमेरिका से बहुत अलग है। यहां लोगों को संरक्षण की जरूरत है। अगर कोई राजनीतिक पार्टी संरक्षण नहीं करेगी, तो सत्ता से बाहर कर दी जाएगी।



## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 1 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- प्रसिद्ध खोजी नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस वेनेजुएला के इस्ला सांता में 1498 को उतरा।
- स्वीज़रलैंड की स्वतंत्रता को 1648 में औपचारिकता दी गयी और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
- नए लंदन ब्रिज को 1831 में यातायात के लिए खोल दिया गया।
- ग्रेट ब्रिटेन में अंतर्देशीय डाक सेवा 1883 में शुरू की गयी।
- कोलोराडो अमेरिका का 38वां राज्य 1876 में बना।
- पहला चीन और जापान युद्ध 1894 शुरू हुआ।
- जर्मनी ने 1914 में प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- स्वतंत्रता सेनानी तथा 'आयरन लेडी' के नाम से मशहूर श्रीमती एनी बेसेंट ने 1916 में बाल गंगाधर तिलक के सहयोग से होम रूल लीग के अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी के साथ मिलकर होम रूल लीग आंदोलन की शुरूआत की।
- महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन की शुरुआत की।
- महात्मा गांधी ने 1920 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदत्त केसर ए हिंद पुरस्कार को लौटाया।
- तानाशाह शासक एडॉल्फ हिटलर ने 1936 को बर्लिन में हुये ओलंपिक खेलों की अध्यक्षता की।
- भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 में शक्तियों का बंटवारा।
- लार्ड माउंटबेटन भारत के गवर्नर जनरल और मोहम्मद अली जिन्ना पाकिस्तान के गवर्नर जनरल 1947 में बने।
- प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1952 में सफदरजंग में राष्ट्रीयकृत एयरवेज का उद्घाटन किया।
- क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को 1953 में गिरफ्तार किया गया।
- देश में सभी एयरलाइंसों का राष्ट्रीयकरण 1953 को किया गया।
- नेशनल बुक ट्रस्ट की स्थापना 1957 में हुई।
- आचार्य विनोबा भावे को 1958 में रमन मैगसेसे पुरस्कार दिया गया।
- पाकिस्तान की राजधानी कराची से 1960 को बदलकर इस्लामाबाद कर दिया गया।
- दुर्बा बनर्जी विश्व की पहली कमर्शियल महिला पायलट 1975 में बनीं।
- तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने 1992 में विजाग स्टील प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया।
- हब्बल दूरबीन ने 1995 में शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की।
- ईरान में 2000 को महिलाएं भी इमाम बनीं।
- श्रीलंका ने 2004 में प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित फ़ाइनल मैच में भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीत लिया। सनत जयसूर्या 'मैन आफ़ द सिरीज' बने।
- जापान ने 2006 में दुनिया की पहली भूकम्प पूर्व चेतावनी सेवा शुरू की।
- क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो 2006 को अपनी सारी शक्ति अपने भाई राउल को दे दिया।
- वियतनाम के हनोई शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड (आई.एम.ओ.) में भारतीय दल के छः सदस्यों ने 2007 में तीन रजत पदक जीते।
- अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ने 2008 में भारत के विशेष निगरानी समझौते को हरी झंडी दी।

## विशेष आलेख

# रियायती तेल या अमेरिकी टैरिफ? भारत के सामने आर्थिक धर्मसंकट



प्रो. आरके जैन

**भारत की सैन्य शक्ति का आधार रूस से प्राप्त तकनीक और उपकरणों पर टिका है। भारतीय सेना के 60 से 70 प्रतिशत उपकरण–जैसे टैंक, फाइटर जेट, पनडुब्बियाँ और मिसाइल सिस्टम–सोवियत या रूसी मूल के हैं। 2023 के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) के आँकड़ों के अनुसार, भारत के रक्षा आयात में रूस की हिस्सेदारी लगभग 45 प्रतिशत है। मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई और टी-90 टैंक जैसे उपकरण भारत की रक्षा रीढ़ की हड्डी हैं। इनका रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स और उन्नयन रूस के सहयोग के बिना असंभव है। भले ही भारत रूस से नए उपकरण खरीदना बंद कर दे, अगले दशक तक मौजूदा उपकरणों को चालू रखने के लिए रूसी सहायता अनिवार्य रहेगी। यह निर्भरता केवल तकनीकी नहीं, बल्कि भारत की सामरिक संप्रभुता का आधार है।**

भारत और रूस का रिश्ता मात्र साझेदारी नहीं, बल्कि विश्वास और सामरिक एकजुटता का अटूट बंधन है, जो दशकों की कठिन कसौटियों पर खरा उतरा है। यह रिश्ता न केवल हथियारों और तेल के व्यापार तक सीमित है, बल्कि भारत की रक्षा ताकत, ऊर्जा सुरक्षा और भू-राजनीतिक संतुलन का मजबूत आधार है। लेकिन अब यह बंधन एक अभूतपूर्व तूफान का सामना कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति की कठोर चेतावनी ने भारत को दोराहे पर ला खड़ा किया है—रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद की कीमत चुकाने की धमकी दी गई है। एक अगस्त से भारत के हर निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से सैन्य खरीद के लिए अतिरिक्त पेनल्टी का ऐलान हुआ है। अमेरिका का तर्क है कि भारत का रूस के साथ व्यापार यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है। यह धमकी ऐसे नाजुक समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौते की बातचीत महीनों से अधर में लटकी हुई है। सवाल यह नहीं कि भारत क्या कदम उठाएगा; सवाल यह है कि क्या भारत इस बाहरी दबाव के सामने झुकेगा, या अपने राष्ट्रीय हितों को ढाल बनाकर रूस के साथ अपने ऐतिहासिक रिश्ते को अडिग रखेगा?

रूस भारत के लिए केवल रक्षा साझेदार नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा का भी मज़बूत स्तंभ है। 2024 में भारत ने रूस से प्रतिदिन 1.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात किया, जो उसकी कुल तेल खपत का 35 प्रतिशत है। रियायती दरों पर उपलब्ध यह तेल भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखता है और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाता है। यदि भारत रूस से तेल आयात बंद करता है, तो उसे खाड़ी देशों से महंगे दामों पर तेल खरीदना पड़ेगा, जिससे व्यापार घाटा बढ़ेगा और आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। यह भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती होगा। इस धमकी का भू-राजनीतिक आयाम और भी जटिल है। रूस से दूरी भारत के लिए सामरिक दृष्टिकोण से घातक सिद्ध हो सकती है। रूस के कुल तेल निर्यात का 47 प्रतिशत पहले ही चीन को जाता है, और यह हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। यदि भारत रूस से पीछे हटता है, तो रूस की चीन पर निर्भरता और गहरी होगी, जो भारत के हितों के लिए अस्वीकार्य है। भारत पहले ही चीन और पाकिस्तान की बढ़ती साझेदारी से जूझ रहा है। रूस और पाकिस्तान के बीच हाल के वर्षों में बढ़ते सैन्य और आर्थिक संबंध, जैसे 2016 से शुरू हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास, भारत के लिए चिंता का विषय हैं। यदि रूस चीन और पाकिस्तान के और करीब जाता है, तो भारत का क्षेत्रीय संतुलन खतरे में पड़ सकता है, जिसके दीर्घकालिक परिणाम भारत की सुरक्षा और सामरिक स्थिरता के लिए विनाशकारी होंगे।

भारत और रूस का रिश्ता केवल हथियारों और तेल तक सीमित नहीं, बल्कि यह रणनीतिक और आर्थिक सहयोग का एक गहरा बंधन है। रूस चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तरी-दक्षिणी परिवहन कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भारत का अहम साझेदार है। चाबहार बंदरगाह भारत को मध्य एशिया और यूरोप तक व्यापारिक और सामरिक पहुँच प्रदान करता है, जो उसकी भू-राजनीतिक रणनीति का आधार है। यदि भारत रूस से दूरी बनाता है, तो ये परियोजनाएँ जोखिम में पड़ सकती हैं, जिससे न केवल भारत की आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं को गहरा झटका लगेगा, बल्कि क्षेत्र में उसका प्रभाव और प्रभुत्व भी कमजोर होगा।

भारत और अमेरिका के बीच संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। ऐतिहासिक रूप से, भारत में अमेरिका के प्रति गहरा अविश्वास रहा है। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अमेरिका ने पाकिस्तान का समर्थन किया, और 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर कठोर प्रतिबंध लगाए। इसके विपरीत, रूस ने न केवल भारत का साथ दिया, बल्कि संयुक्त राष्ट्र में उसके पक्ष में वीटो शक्ति का उपयोग किया। रूस की नीतियों में 2000 के बाद से उल्लेखनीय निरंतरता रही है, जबकि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ नीतियाँ अक्सर बदलती रहती हैं। 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की अचानक वापसी इसका स्पष्ट उदाहरण है। भारत ने वहाँ 3 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया था, लेकिन तालिबान के सत्ता में लौटने से उसकी परियोजनाएँ संकट में पड़ गईं। यह घटना भारत में इस धारणा को और पुष्ट करती है कि अमेरिका अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा में विश्वसनीय नहीं है। अमेरिकी सैन्य उपकरणों को भारतीय सेना में एकीकृत करना चुनौतीपूर्ण और जटिल प्रक्रिया है। भारत ने 2010 के बाद अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर, चिनूक हैवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टर और सी-17 ट्रांसपोर्ट विमान जैसे उन्नत उपकरण खरीदे हैं, लेकिन ये अभी भी उसकी सैन्य क्षमता का सीमित हिस्सा हैं। इन उपकरणों को पूरी तरह अपनाने, प्रशिक्षण और रखरखाव में भारी लागत और लंबा समय लगता है। रूसी उपकरणों को अमेरिकी उपकरणों से बदलना न केवल आर्थिक रूप से बोझिल है, बल्कि यह एक दशकों लंबी रणनीतिक प्रक्रिया है। यह बदलाव आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से व्यवहार्य नहीं है, जिसके चलते भारत को अपनी रक्षा नीतियों में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है।

# शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं के सुसाइड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



सुनील कुमार

**देश में छात्रों की खुदकुशी (सुसाइड) बहुत ही चिंताजनक है।इस संदर्भ में हाल ही में हमारे देश के माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्वत-संज्ञान लिया है। दरअसल, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी और आईआईटी खड़गपुर में छात्रों की आत्महत्या के मामले में गंभीर सवाल उठाए हैं।पाठकों को बताता चलूं कि सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी, खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? और संस्थान क्या कर रहा है?**

सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार भी लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की पुलिस को चार हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि-कॉलेज के छात्रों ने पिता को बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है? मैनेजमेंट ने क्यों नहीं बताया? मैनेजमेंट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया? क्या पुलिस और अभिभावकों को सूचित करना मैनेजमेंट का कर्तव्य नहीं है?

बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का छात्रों की आत्महत्या पर सख्त होना सही ही है, क्यों कि प्रबंधन, प्रशासन लापरवाही का परिचय दे रहे हैं और छात्रों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य, उनकी समस्याओं, सुरक्षा की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वास्तव में, छात्रों की सुरक्षा, खासकर उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, संस्थानों की पहली नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य होना चाहिए। यहां यह उल्लेखनीय है कि जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए 15 अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बेंच ने कहा कि ये दिशा-निर्देश तब तक लागू और बाध्यकारी रहेंगे, जब तक इस विषय में कोई कानून या नियम नहीं बन जाता।

वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सभी शैक्षणिक संस्थान छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समान नीति को अपनाएं और इसे लागू करें। वास्तव में, यह गंभीर चिंता का एवं संवेदनशील विषय है कि आज देशभर में अनेक संस्थान छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए न तो कोई नीतियां ही बनातें हैं और न ही इन्हें ठीक प्रकार से लागू ही करते हैं। शैक्षणिक संस्थानों यह चाहिए कि वे छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समान नीति बनाएं,उस नीति की समय-समय पर समीक्षा करें,उसे अद्यतन करें, इसे संस्थान की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक एवं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। छात्र-छात्राओं की अधिक संख्या वाले संस्थानों को यह चाहिए कि वे अपने यहां प्रशिक्षित काउंसलर(ट्रेंड काउंसलर) , मनोवैज्ञानिक या सोशल वर्कर की नियुक्ति अनिवार्य करें ताकि बच्चों की समय-समय पर काउंसलिंग की जा सके और उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके।

छात्र-छात्राओं की कम संख्या वाले संस्थानों में रिलायबल(भरोसेमंद) तथा ट्रेंड आउटर मेंटल हेल्थ स्पेशलिस्ट(प्रशिक्षित बाहरी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ) से औपचारिक रूप से सहयोग लिया जा सकता है और छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जा सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग संस्थानों समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों से कहा है कि वे छात्रों को पढ़ाई के प्रदर्शन(मेरिट के आधार पर) के आधार पर बैच में न बांटने की बात कही है, क्यों कि ऐसा करने से छात्रों में शर्मिंदगी और मानसिक दबाव (मेंटल स्ट्रेस) पैदा होता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



श्री सुधीर चौधरी(आईपीएस)
पुलिस अधीक्षक अलवर

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं आईपीएस सुधीर चौधरी एक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं, जो वर्तमान में राजस्थान के अलवर में पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद को सुशोभित कर रहे हैं। उन्हें जैसलमेर में उनके कार्य के लिए जाना जाता है, जहाँ वे पहले तैनात थे और ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका के लिए उन्हें सेना प्रमुख से प्रशंसा मिली थी। उन्हें खेल, विशेषकर टेनिस के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए भी जाना जाता है, जहाँ उन्होंने भारतीय पुलिस अकादमी में स्वर्ण पदक जीता। 4 अप्रेल सन 1987 को सीकर जिले में जन्में सुधीर शुरू से ही होनहार रहे। बी टेक किया और भारतीय पुलिस सेवा में आए आज अलवर एसपी के पद पर अपनी सेवाए दे रहे हैं इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर। पुलिस अधीक्षक, साईबर क्राईम, पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर। पुलिस अधीक्षक, हनुमानगढ़। पुलिस अधीक्षक, राजसमन्द। पुलिस अधीक्षक, सवाईमाधोपुर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा। सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत्त आयुक्तालय जोधपुर पूर्व। सहायक पुलिस अधीक्षक, गंगरार चित्तौडगढ़। गढसहायक पुलिस अधीक्षक, भरतपुर रहे।

इनका प्रोबेश्न पीरियड़ भरतपुर रहा जहां तेज तर्रार आईपीएस तत्कालीन भरतपुर एसपी कैलाश बिश्नाई के निर्देशन में ताबड़तोड कार्रवाही कर पुलिस का गौरव बढ़ाया। सुधीर चौधरी राजस्थान कैडर के 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया है, जिसमें जैसलमेर के एसपी का पद भी शामिल हैए जहाँ वे ऑपरेशन सिंदूर में शामिल थे और सेना प्रमुख से प्रशंसा प्राप्त की थी। वे एक उत्साही टेनिस खिलाड़ी हैं और आईआईटी रुडक़ी में टेनिस टीम के कप्तान थे। उन्होंने भारतीय पुलिस अकादमी में टेनिस एकल में स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने आईआईटी रुडक़ी से बी.टेक की डिग्री प्राप्त की। उन्हें सामुदायिक विकास में उनके प्रयासों के लिए भी जाना जाता है और उन्होंने दूसरों को सिविल सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया है। सम्मान की यदि बात करें तो जिनका सम्मान देश करता है यानि इंडियन आर्मी तो आर्मी ने इनके द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में इनकी शानदार भूमिका के लिए सेना प्रमुख द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, जिसमें उनके समर्पण और बहादुरी को रेखांकित किया गया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| 7 | | 4 | 8 | | | 1 | | 2 |
| | | | 2 | 3 | | 4 | | 9 |
| | 4 | | 5 | | 9 | | 8 | |
| 5 | | | | | | 9 | 1 | 3 |
| 1 | | | | 8 | | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 4 | 5 |
| | 5 | 1 | 9 | 4 | | 7 | 2 | |
| 4 | 7 | 3 | | 5 | | | 9 | 1 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 2 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहा यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृष**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**मिथुन**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**कर्क**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**सिंह**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

**कन्या**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी।

**तुला**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**वृश्चिक**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**धनु**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा।

**मकर**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**कुंभ**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**मीन**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

# ईसरदा बांध में पहली बार रोका बीसलपुर का ओवरफ्लो पानी

## पहले फेज में 12 फीट ऊंचाई तक भरेगा फिर सवाई माधोपुर और दौसा में होगी सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** ईसरदा बांध में गुरुवार से पानी रोकने की शुरुआत की गई है। बीसलपुर बांध से बनास नदी में छोड़े जा रहे ओवरफ्लो पानी को रोकने के लिए टोंक में ईसरदा बांध पर इंतजाम किए गए है। इसके तहत सिंचाई विभाग के निर्देश पर ईसरदा बांध में पहली बार बुधवार (30 जुलाई) सुबह 10 बजे से पानी रोका गया, जो 15 सितंबर तक रोका जाएगा। इसके तहत रोजाना करीब 24 घंटे में महज 0.6 फीट पानी रोका जाएगा। डेढ़ माह में इस बांध में निर्धारित 3.27 टीएमसी पानी भरा जाएगा। इससे डेम का जल स्तर 253 आरएल मीटर हो जाएगा। इसी के साथ डेम के पहले चरण का पानी भी भर जाएगा। 28 गेट वाले इस डेम में पहले चरण में भरे जाने वाले पानी से डेम में 12 फीट ऊंचाई तक पानी भरेगा। इस पानी को भरा रखेंगे, जिसे फिलहाल किसी काम में नहीं लिया जाएगा। इसके वितरण के लिए जल वितरण विभाग भविष्य में निर्णय लेगा। बांध परियोजना के स्थ विकास गर्ग ने बताया- बुधवार सुबह करीब 10 बजे से ईसरदा डेम में पानी रोकना शुरू कर दिया। रोजाना काफी कम मात्रा में रोकेंगे, जिससे किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य प्रकार से की जा सके। हालांकि देर शाम तक किसी प्रकार की अड़चन नहीं आई थी।

### दो चरणों में निर्माण, पूर्ण भराव स्तर 262 आरएल मीटर तक

ईसरदा बांध में 28 गेट है इसे बीसलपुर बांध के डाउन स्ट्रीम में बनेठा (उनियारा तहसील) टोंक के पास बनास नदी पर बनाया है। इसके पहले चरण के निर्माण के लिए 615 करोड़ और विस्थापितों को मुआवजा आदि कार्यों के लिए 1038 करोड़ का बजट था। बांध निर्माण के वर्क ऑर्डर दिसंबर 2018 में जारी हो गए थे। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण में डेम का निर्माण पूर्ण भराव स्तर 262 आरएल मीटर (भराव क्षमता 10.77 टीएमसी) तक पूर्ण किया जाएगा। इसमें इस साल पहले चरण में पानी का भंडारण 253 आरएल मीटर भराव क्षमता 3.27 टीएमसी है। दूसरे चरण में बांध में पूर्ण भराव क्षमता 262 आरएल मीटर तक पानी संग्रहित हो सकेगा।



### 1 हजार 256 गांवों और 6 शहरों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा

आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा। इसके बाद दौसा के 1 हजार 79 ग्राम और 5 शहरों और सवाई माधोपुर के 1 शहर व 177 गांवों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी। यह परियोजना जल संकट समाधान के साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही ईसरदा बांध से रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत अन्य बांधों को पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी।

## टोंक में मानव तस्करी विरोधी दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक में विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर चाइल्डलाइन कार्यालय में एक विशेष जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बाल तस्करी की पहचान, कानूनी पहलू, बचाव और पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य संवेदनशील स्थानों पर बाल तस्करी की रोकथाम करना था। इस दौरान सिकाईडीकोन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ इस तरह के प्रयास समाज को सुरक्षित और बच्चों को संरक्षित करने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ इस तरह के प्रयास समाज को सुरक्षित और बच्चों को संरक्षित करने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। हमें इस तरह के आयोजनों के माध्यम से जागरूकता फैलानी चाहिए और बाल तस्करी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

## विधायक रामसहाय वर्मा आज करेंगे पदयात्रा के विशाल भंडारे का विधिवत शुभारम्भ

### पदयात्रियों के लिए भंडारे में नि:शुल्क अल्पआहार, दवाइयों व रात्रि विश्राम की रहेगी संपूर्ण व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** उपखंड के गांव सोहेला में 1 अगस्त से 15 अगस्त तक संचालित पैदलयात्रियों के लिए नि:शुल्क विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करके किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि नवरत्न शर्मा सोहेला ने बताया कि विधायक रामसहाय वर्मा शुक्रवार को हरवर्ष की भांति बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क विशाल भंडारे की शुरूआत करेंगे। शुभारंभ से पूर्व बाबा रामदेव जी मन्दिर मे मंगल आरती का आयोजन होगा। उसके बाद डिजे की धून के साथ कच्छी घोडी नृत्य व बाबा की झांकी व जयकारे लगाते हुए 101 महिलाएं मंगल कलश लेकर भंडारा स्थल पहुचेगी। भंडारे में डिग्गी कल्याण मंदिर व जेसलमेर रुणिचा रामदेवरा पैदलयात्रा जाने वाले यात्रियों के लिए निःशुल्क अल्पआहार, दवाइयों व रात्रि विश्राम की संपूर्ण व्यवस्था रहेगी।

## जिले में भारी वर्षा : प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान बीकानेर के आदेश एवं मौसम विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा जिले में भारी वर्षा की चेतावनी के मद्देनजर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक सवाई माधोपुर की अभिशंषा पर जिला कलक्टर काना राम ने जिले के समस्त राजकीय/निजी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 1 एवं 2 अगस्त तक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने आदेश दिए कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है विद्यालय के समस्त शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर कार्य सम्पादित करेंगे।

इसी प्रकार शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी 1 एवं 2 अगस्त का शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

## अन्नदाता हुंकार रैली को लेकर गांव गांव कर रहे हैं जनसंपर्क

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में आयोजित अन्नदाता हुंकार रैली को लेकर गांव गांव में कार्यकर्ता लोगों से जनसंपर्क करके प्रेरित कर रहे है। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि अन्नदाता हुंकार रैली को लेकर किसान महापंचायत द्वारा गांव-गांव का दौरा किया जा रहा है। आसाराम चौधरी चनानी, गंगाधर मीना हनुतिया, मुकेश जाट राहोली, पांचू लाल गुर्जर जोधपुरिया, गोपाल जाट खणदेवत, रामफूल सीदडा, शयोकरण ताखर रजवास व राजाराम जाट पहाड़ी को ग्राम पंचायत अध्यक्ष पद पर नियुक्त करके शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने गांव की जिम्मेदारी लेते हुए अधिक से अधिक किसानों को जयपुर अन्नदाता हूंकार रैली में ले जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट, पीपलू अध्यक्ष दूल्हा राम प्रजापत, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, ब्लाक महासचिव गोविंद चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष बद्री गुर्जर पहाड़ी, अध्यक्ष राजाराम जाट व रामस्वरूप चौधरी सहित कई किसान नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में किसानों से सम्पर्क किया।

## बनास नदी में डूबे युवक का शव एसडीआरएफ ने किया बरामद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बुधवार दोपहर 12.30 बजे बहरावण्डा कलां थाना क्षेत्र की बनास नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ टीम सी-07 को कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देश पर मौके पर भेजा गया। टीम प्रभारी हैडकानि. अशोक कुमार के नेतृत्व में 9 जवानों ने दोपहर 1.40 बजे पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। भारी बारिश के चलते नदी उफान पर थी। पहले दिन प्रयासों के बावजूद शव नहीं मिला। गुरुवार को पुन: सर्च ऑपरेशन में अपरान्ह 3 बजे 150 मीटर दूर से टीम ने बनास नदी में डूबे 35 वर्षीय शंकर पुत्र कल्याण गुर्जर निवासी ग्राम कुतलपुर पुलिस थाना बहरावण्डा कलां तहसील खण्डार जिला सवाईमाधोपुर के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।



# महापुरा स्कूल जलमग्न: अरशद देशवाली ने बताई स्कूल की दुर्दशा

बढ़ता राजस्थान

**महापुरा ( नि.स. )।** महापुरा ग्राम में अत्यधिक बारिश के कारण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जलमग्न हो गया है। समाजसेवी अरशद देशवाली ने बताया कि हर वर्ष स्कूल में पानी भर जाता है और यह समस्या वर्षों से चली आ रही है।

कई बार विद्यालय के स्टाफ ने उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। स्कूल की बिल्डिंग शातिग्रस्त है और कई रूम को सील करना पड़ा है। ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं क्योंकि उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा की चिंता है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं।

### सुरक्षा की मांग

ग्रामीण और समाजसेवी अरशद देशवाली उच्च अधिकारियों से मांग कर रहे हैं कि स्कूल की समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए। स्कूल की आधी से ज्यादा बिल्डिंग खतरनाक स्थिति में है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों के साथ कोई अनहोनी नहीं होने देना चाहते। ग्रामीण और समाजसेवी उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही स्कूल की समस्या का समाधान निकाला जाएगा। स्कूल की आवश्यकता है कि उसे सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जाए। ग्रामीण और समाजसेवी स्कूल की समस्या के समाधान के लिए सहयोग करने को तैयार हैं। उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे स्कूल की समस्या का समाधान निकालें। स्कूल का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए समस्या का समाधान आवश्यक है। ग्रामीण और समाजसेवी अरशद देशवाली तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।





## अतिवृष्टि के बाद राहत, आगामी भारी वर्षा का रेड अलर्ट

### जिला प्रशासन ने की सतर्कता बरतने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पिछले दो दिनों की लगातार मूसलधार वर्षा के बाद जिले में अब जलभराव की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की गति तेज हुई है, जिससे अधिकांश आबादी क्षेत्रों से पानी उतर चुका है। सूरवाल बांध के डाउनस्ट्रीम एवं बौंली उपखंड के कुछ गांवों को छोड़कर शेष जिले में हालात सामान्य हो गए हैं। चंबल नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान 197 मीटर से घटकर अब 194 मीटर पर आ गया है, जो एक राहतकारी संकेत है। हालांकि, मौसम विभाग द्वारा पूर्वी राजस्थान के विभिन्न जिलों के लिए आगामी 24 से 48 घंटों हेतु अति भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते जिले में फिर से जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। जिला कलक्टर काना राम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा नदियों, नालों, रपटों व बहाव वाली पुलियाओं को पार करने से पूर्णत: बचें। बारिश के दौरान बिजली के खम्भों, ट्रांसफार्मर के पास से नहीं गुजरे, उनसे दूरी बनाये रखे। जलमग्न इलाकों के नागरिकों को सुझाव दिया गया है कि वे स्थानीय पटवारी, गिरदावर शहरी क्षेत्र में नगर परिषद अथवा क्षेत्र प्रभारी के संपर्क में रहें तथा बच्चों को किसी भी स्थिति में जल संरचनाओं या जलराशियों के समीप न जाने दें। प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, संयम एवं सतर्कता के साथ व्यवहार करें और किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना से बचते हुए प्रशासन से लगातार संवाद बनाए रखें।

आपदा प्रबंधन की तैयारियों के तहत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सिविल डिफेन्स की टीमें जिले में मुस्तैद हैं। बीते 24 घंटों में इन टीमों द्वारा जिलेभर में 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया, वहीं आज भी बौंली उपखंड के बांसड़ा, रघुवंटी लगभग 50 से अधिक नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। किसी भी आपात स्थिति में आमजन जिला नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 07462-220602 एवं 07462-220201, टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से बनास एवं मोरेल नदियों के किनारे बसे गांवों में सतर्कता बरती जाए।

## रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से पूर्व नहीं बनाए सर्विस रोड,वाहन चालक हो रहे हैं परेशान

### चार-चार फीट पानी में से गुजरना पड़ रहा है वाहनों को,सड़क में हो गए गहरे गड्ढे,गिरकर वाहन चालक हो रहे हैं घायल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई नगर पालिका सीमा में स्थित रेलवे ट्रैक पर आरओबी का निर्माण कार्य चल रहा है। जयपुर टोंक रोड पर चैनपुरा रेलवे फाटक व निवाई बौंली रोड पर झिलाय रोड़ रेलवे फाटक पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन चल रहे रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य की वजह से दोनों ओर बरसात का पानी भर गया है। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पानी अधिक भरा रहने के कारण विशेष रूप से दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। निर्माण कार्य में लगे हुए ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतते हुए दोनों पुलिया के दोनों तरफ पुलिया निर्माण से पूर्व कंप्लीट सर्विस रोड नहीं बनाई गई। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों एवं लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण ठेकेदार ने पैसे बचाने के लिए सर्विस रोड नहीं बनाई जिसका खामियाजा वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है। बुधवार को हुई अतिवृष्टि के कारण दोनों पुलिया के दोनों सर्विस रोड पर जबरदस्त पानी भरा हुआ है। चैनपुरा रेलवे फाटक की ओर करीब चार-चार फीट पानी भरा रहने के कारण लोक परिवहन की एक बस, एक ट्रक व कई अन्य वाहन उसमें फंस गए। लोक परिवहन की बस में फंसे हुए यात्रियों को जेसीबी में बैठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचना पड़ा। जबकि एक ट्रक तो खराब होकर क्षतिग्रस्त सडक़ के गड्डों में फंसा रह गया। जिसे गुरुवार को पानी का जलस्तर कम होने के बाद दो क्रेनों की सहायता से निकाला जा सका। इसी प्रकार झिलाय रोड़ फाटक बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज के दोनों ओर की सर्विस रोड का भी यही हाल है। इस रोड पर करीब एक दर्जन कालोनियां बसी हुई हैं। वहीं यह मार्ग बौंली व सवाई माधोपुर को भी जोड़ता है। आरओबी के निर्माण की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर बनी हुई पुलिया के अण्डर पास के दोनों ओर भी करीब 3 से 4 फीट तक पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से सडक़ मार्ग पर गहरे गड्ढे हो गए हैं जिनमें गिरकर वाहन चालक घायल हो रहे हैं।

## मनोज गुप्ता बने श्री खण्डेलवाल वैश्य युवा संगठन के अध्यक्ष

### युवाओं ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्री खण्डेलवाल वैश्य युवा संगठन के अध्यक्ष पद पर मनोज गुप्ता को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया है। गुरुवार की शाम खंडेलवाल धर्मशाला में समाज के मंत्री जगदीश टोडवाल की अध्यक्षता में युवा संगठन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मति से मनोज गुप्ता को खंडेलवाल वैश्य युवा संगठन के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज गुप्ता का राजू खंडेलवाल, राजेश काचरिया, अमित धामाणी, कैलाश सुनारा, कपिल खंडेलवाल, आशीष मेहता, जगदीश अणतपुरा, प्रमोद खंडेलवाल, धीरज टोडवाल, नरेश पराणा, सुरेश गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, गजानन्द चतरपुरा, शुभम गुप्ता, आशीष सिरस, राजू करेडा, चन्द्रप्रकाश खंडेलवाल व राजेश कुमार सहित समाज के कई युवाओं ने माला पहनाकर स्वागत किया।



## जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर जल-भराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल-भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा जन-संपत्ति को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर काना राम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने बुधवार शाम को उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा सहित प्रशासनिक व फील्ड अधिकारियों की टीम के साथ करमोदा, सूरवाल, मैनपुरा एवं अजनोटी गांवो का ट्रैक्टर-ट्रॉली से दौरा कर जल-भराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

**गौरतलब है कि क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण जल**-आवक बढ़ने से सूरवाल बांध में 17.5 फीट जलस्तर हो गया है जिसके कारण 2.5 फीट की चादर चलने से डाउनस्ट्रीम के गांव में एवं मुख्य मार्ग पर पानी भर गया है जिसके कारण सवाई माधोपुर भगवतगढ़ मार्ग एवं सवाई माधोपुर लालसोट मार्ग बाधित हो गया है।

जिला कलेक्टर ने स्थानीय निवासियों से सवाई माधोपुर लालसोट मार्ग का प्रयोग नहीं करके इसके स्थान पर लालसोट व गंगापुर सिटी जाने हेतु कुस्तला से लालसोट तक एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया तथा क्षेत्रीय निवासियों से संवाद कर उनके हालचाल जाने। इस दौरान उन्होंने संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण कर जनसुरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को बचाव, राहत व आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवागमन से बचें तथा जान को जोखिम में डालकर रास्ता पार न करें। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सभी नागरिक प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग करें, जिससे आपदा की स्थिति से सामूहिक रूप से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।



## जिले में दो-दो मंत्री और एक नेता प्रतिपक्ष और सडक़ खोल रही है भष्ट्राचार की पोल

एक ओर सरकार प्रयर्टन उधोग को बढ़ावा दे रही है वहीं आने वाले पयर्टकों का स्वागत कुछ इस अंदाज में होगा जरा तस्वीरें तो देखिए जो अलवरमें ठेकेदारों की अधिकारियों से मिला भगती को बयां कर रही हैं। एक ही बारिश में सडक़ें गायब इधर ठेकेदारों से रखरखाव लिखवाना महज खानापूर्ति बन गया है। हर अधिकारी को दो नम्बर का माल चाहिए ऐसे में अलवर की सुध कौन ले ये एक बड़ा विषय है जो दिलोदिमाग पर छा रहा है। इधर अलवर जिले में कहने को एक राज्य के मंत्री हैं संजय शर्मा व दूसरे केन्द्र के मंत्री हैं भूपेन्द्र यादव और तीसरे नेता प्रतिपक्ष भी अलवर के ही हैं जोकि पर्वोत्तर सरकार में केबिनेट मंत्री भी रहे टीकाराम जूली। उसके बाद भी अलवर की सडक़ें अपनी बदहाली की तस्वीर खुद दिखा रही हैं। ये सडक़ नहीं बल्कि भष्ट्राचार कहां कहां और कैसे कैसे हुआ उसका प्रमाण पत्र है। अलवर की सबसे बड़ी सोसायटी कही जाने वाली अपना घर शालीमार की ओर जाने वाली रोड शालीमार नगर मुख्य मार्ग की हालत बेहद दयनीय है। इससे राहगीर रोजान दुघर्टनाग्रस्त हो रहे हैं। निर्माण व मरम्मत की जिम्मेदारी निभाने वाले जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं सडक़ पर फोर व्हीलर तो क्या बाइक का भी सही तरीके से चलना अब दूभर हो गया है।सडक़ की दुर्गति के कारण आए दिन छोटे वाहन से लेकर बाइक चालक अक्सर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। दिनों, दिन सडक़ की हो रही दुर्दशा पर ना तो शासनए प्रशासन का ध्यान है और नहीं स्थानीय जन प्रतिनिधियों का। इस सडक़ से होकर चलने वाले यात्री से लेकर वाहन चालक आज शासनए प्रशासन कोसते सुने जा रहे है। जिस वजह से यह सडक़ ने आज अपना दम तोड़ दिया है। शासन और प्रशासन को बार.बार संज्ञान में लाने के बावजूद भी मौन साधे हुए हैं। बारिश के दिनों में पानी भरा होने के कारण लोगों को अंदाजा भी नहीं मिल पाता है कि सडक़ पर कहां गड्ढा है। जिससे लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं वहीं यही स्थिति तिजारा पुलिया से नीचे उतरकर खाम्बरा हाउस के पास मुख्य मार्ग की बनी हुई है। ऐसे में लोग रोज चोटिल हो रहे हैं। इतनी पावर के बाद भी इतना बुरा हाल बयां कर रहा है कि हाथी के दांत खाने के ओर दिखाने के ओर कहावत यूं ही तो बनाई नहीं गई होगी।

–रूपक शर्मा

# अवैध खनन रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन

# खनन, पुलिस, परिवहन व वन विभाग आपसी समन्वय से अवैध खनन की रोकथाम के लिए सजगता से कार्य करें- जिला कलक्टर

## अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस विभाग तत्पर, समन्वय और कड़ी चौकसी कर लगाएंगे लगाम- जिला पुलिस अधीक्षक

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव कराणा में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में अवैध खनन की रोकथाम के संबंध में जिला स्तरीय खनीज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया. इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने जिले में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाकर अवैध खनन/निर्गमन पर सतत् निगरानी रखते हुए लिप्त लोगों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए. उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाया जाए।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, वन, परिवहन और खनन विभाग को आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लग सके. उन्होंने कहा कि नियमानुसार जुर्माना लगाकर अवैध खनन में संलिप्त वाहनों व मशीनरी को ज़ब्त करें।

जिला कलेक्टर ने नियमानुसार पट्टाधारियों द्वारा खनन कार्य करने और पर्यावरण संतुलन हेतु अधिकाधिक पौधारोपण करने को कहा. इस दौरान उन्होंने समिति सदस्यों एवं खनन पट्टा धारियों की व्यावहारिक समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करने को कहा साथ ही बैठक में उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार व आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जिला पुलिस अधीक्षक ने संभावित अवैध खनन क्षेत्र में तैनात बॉर्डर होम गार्ड को चौकस निगरानी हेतु पाबंद करने को कहा, साथ ही संयुक्त दल गठित कर नियमित मॉनिटरिंग करने, अवैध खनन में लिप्त वाहनों को सीज करने के लिए सक्रिय कार्यवाही करने को कहा. उन्होंने संभावित अवैध खनन क्षेत्र बानसूर, नारायणपुर, भुरी भड़ाज, बुचारा क्षेत्र बजरी, रेत व पत्थर के अवैध खनन को रोकने के लिए समन्वय से कार्य करने एवं ओवरलोडिंग वाहनों पर निगरानी सख्त करने के लिए डिकोय भेजकर बेवरेज



(तुलायत्रों) की भी समय-समय पर जांच करने को कहा। इस दौरान सहायक खनि अभियंता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटपूतली (सदस्य सचिव) अमीचंद दुहारिया ने विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों एवं कार्ययोजना के बारे में बताया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, समिति सदस्य दीप सिंह शेखावत, मोहन सिंह शेखावत, शंकर स्वामी डीटीओ सुनील सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पर निकली कलश यात्रा, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के नवीन बस स्टैंड पर शिव मित्र मंडल सेवा समिति तबेला की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व गुरुवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ गणेश पोल से हुआ। कलशयात्रा कस्बे के चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, सराय बाजार होते हुए कथा स्थल नवीन बस स्टैंड पर पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में महिलाएं भजनों पर झूमते हुए चल रही थी। इस दौरान आकर्षक झांकियां सजाई गई। शिव पार्वती की झांकी और शिव के तांडव नृत्य की सजीव प्रस्तुति यात्रा का मुख्य आकर्षण रही। मार्ग में लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के द्वारा शीतल पेय और फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस उप अधीक्षक मनीषा मीना, थाना प्रभारी राजेश मीणा और पुलिस बल सहित तैनात रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा प्रतिदिन 1 बजे से प्रारंभ होगी। वहीं कथा में प्रतिदिन रात 8 बजे से जागरण का आयोजन होगा। इसमें संजय राजस्थानी, मनोज लाडला मालाखेड़ा, जगमोहन पाराशर, राधिका शर्मा, सरदार सुरजीत सिंह, विजेता सक्सैना और वकील निराला जैसे कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ खेमसिंह आर्य, किशन मुखिजा, महेश सैनी,संजय राजस्थानी, अभिषेक खण्डेलवाल, वीरेंद्र दाधीच, गिर्राज प्रजापत सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक बलजीत यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, कहा: हर क्षेत्र में लूटपाट मची हुई है, शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर, विधायक व विधायक पुत्र वसूली करने में मस्त

## पूर्व विधायक शहर की सड़कों का मौका मुआयना करने पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** पूर्व विधायक बलजीत यादव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर क्षेत्र के विकास की लचर व्यवस्था पर सवाल उठाए, उन्होंने वर्तमान विधायक डॉ. जसवंत यादव और उनके बेटे मोहित यादव पर हर जगह से वसूली करने के आरोप लगाए।बलजीत यादव ने शहर की बदहाल स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि स्टेट हाईवे की सड़कें खराब हैं। शहर में गंदगी फैली हुई है और सफाई व्यवस्था नहीं है। प्रशासन में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा-नगर परिषद हो या नगर पालिका क्षेत्र,हर जगह लूटपाट मची हुई है।



,,,पूर्व विधायक ने बताया की भ्रष्टाचार इतना चरम पर है कि पूरा शहर गंदगी से अटा पड़ा है।नालों की सफाई नहीं हो पा रही है। जिससे पानी घरों व दुकानों में भर जाता है चाहे एसडीएम ऑफिस हो, पोस्ट ऑफिस ऐसी कोई जगह नहीं जहाँ बरसात का पानी नहीं भरता हो हर तरफ नाले व नालियां गंदगी से अटे पड़े हैं। स्कूलों में पानी भरा हुआ है। कई स्कूलों की दीवारें गिर गई हैं। स्टेट हाइवे पर तीन जगह टोल चुकाने के बावजूद सड़कों पर गड्ढे बने हुए हैं।आये दिन दुर्घटना हो रही हैं।

,,, नारनौल रोड पर विधायक के ऑफिस के बीच एक साल से गड्ढे भरे नहीं गए हैं। नगर परिषद में सफाई के लिए चार करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं। मगर ठेकेदार के पास सफाई कर्मचारी नहीं हैं। ,,,नगरपरिषद में 40 स्थायी कर्मचारी हैं, लेकिन वे भी पूरा काम नहीं करते। क्योंकि उन्हें भी ऑफिस में लगाया गया है। आवारा पशुओं, मृत पशुओं और बंदर पकड़ने के टेंडर जारी किए गए हैं, लेकिन कोई काम नहीं हो रहा है।दूसरे राज्यों के बदमाश लोगों को डराकर वसूली कर रहे हैं। आये दिन चोरियाँ हो रही हैं।विधायक के कार्यालय के पास गड्ढे में गिरकर गांव कोहराना के एक युवक की जान चली गई। पूर्व विधायक बलजीत यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ नारनौल रोड स्टेट हाइवे की स्थिति का मौका मुआयना करने पहुंचे तो पाया कि सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है लेकिन कोई इसकी तरफ ध्यान नहीं दे रहा । पूर्व विधायक ने मौके से ऋऋष्टष्ट के पीडी सतीश कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की।

## पेड़ लगाकर बेहतर वातावरण एवं मेडिकल कैंप लगाकर बेहतर स्वास्थ्य दिया जाएगा - एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आगामी रविवार को कॉमर्स कॉलेज में पहले पौधारोपण कार्यक्रम एवं उसके पश्चात नि:शुल्क मेडिकल जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है । वातावरण प्रदूषण एवं मौसमी बीमारियों को देखते हुए लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ.मंजू अग्रवाल,सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन यामिनी गुप्ता एवं क्लब के सदस्य एवं संयुक्त वैश्य महासभा, बुद्ध विहार विजय नगर के अध्यक्ष सतीश गुप्ता,महासभा के मंत्री सुरेश चन्द गर्ग, कोषाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने यह निर्णय लिया कि जल्द ही ये कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

तुरन्त एक मीटिंग में इस प्रस्ताव को रखा गया तथा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सहमती से 03 अगस्त को यह निऱ्शुल्क चिकित्सा जाँच शिविर एवं 200 वाँ साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम कॉमर्स कॉलेज में होना तय किया गया। शिविर में अलवर के जानेमाने चिकित्सक डॉण् गौरव गर्ग अपनी निऱ्शुल्क सेवाये प्रदान करेंगे। एमजेएफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मित्तल हॉस्पिटल का बड़ा सहयोग मिल रहा है लायंस क्लब अलवर मत्स्य के फाउंडर मेम्बर एवं मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एमजेएफ लायन डॉ.एससी मित्तल एवं लायन अल्का मित्तल द्वारा शिविर में बहुत सी निऱ्शुल्क जाँचे करवाई जायेंगी जिसमे शुगर की फास्टिंग, पीपी रेनडम,बीपी, एलएफ टी, लिपिड प्रोफाइल, पीएफटी थाइरोइड, ब्लड प्रेशर इत्यादि जाँचे पूर्णतऱ निऱ्शुल्क की जायेंगी लायंस क्लब अलवर मत्स्य की तरफ से संयोजक लायन महेश धनावत एवं लायन रुपेश गुप्ता को नियुक्त किया गया है वही संयुक्त वैश्य महासभा से संयोजक उपमंत्री लायन अनिल बंसल एवं मनोज गुप्ता, लायन प्रहलाद अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, प्रदीप धामानी,पियूष गर्ग रहेंगे । एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम प्रातऱ 8 बजे से प्रारम्भ होगा जिसमे विभिन्न तरह के फलो एवं औषधीय तथा छायादार पेड़ लगाये जायेंगे । वही निऱ्शुल्क चिकित्सा जाँच शिविर प्रातऱ 8ऱ30 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## कक्षा 1 से 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में 31 जुलाई से 1 अगस्त को किया अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष किशोर कुमार ने मौसम विभाग द्वारा जारी जिले में अति वर्षा की चेतावनी एवं पूर्वानुमान को मध्यनजर रखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त आंगनबाडी केंद्रों एवं कक्षा 1 से 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए 31 जुलाई से 1 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। जिला कलक्टर ने बताया कि यह आदेश केवल कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाडी केंद्र पर लागू होगा। विद्यालय एवं आंगनबाडी स्टाफ यथावत कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाडी केंद्रों को निर्देशित किया है कि वह आदेश की अक्षरशः पालना कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाडी केंद्र उक्त समयावधि में विद्यालय एवं आंगनबाडी केंद्र संचालित करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में विहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

## भिवाड़ी में सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान



**भिवाड़ी ( नि.स. )।** सीकर जिले के श्रीमाधोपुर तहसील के सीपुर निवासी अजीत (34 वर्ष), पुत्र जगदीश प्रसाद, की आज सुबह एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अजीत भिवाड़ी में बक्सी लिमिटेड, कहरानी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, सुबह से हो रही बारिश के कारण सड़क पर पानी भर गया था। अजीत अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था, तभी रास्ते में एक खुले मैनहोल में बाइक सहित गिर गया। इस हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। आनन-फानन में उसे ओम हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल, भिवाड़ी रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजीत की शादी को 8 साल हो चुके थे और उसके दो बच्चे हैं—एक 6 वर्षीय बेटा और एक 3 वर्षीय बेटी। इस हादसे से परिवार में शोक की लहर है। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मैनहोल खुला होने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# कमेटी गठित कर श्रीश्याम गौशाला का समिति के लेखा-जोखा हो तथा अनुदान करें होल्ड : ग्रामीण

## इन लोगों ने चारागाह जमीन पर किया कब्ज़ा,प्रशासन कराए मुक्त : गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव आलमपुर के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी के नाम एसडीएम के सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि श्रीश्याम गौशाला समिति आलमपुर की नई कमेटी गठित कर गौशाला के लेन-देन व कार्यो की जाँच करवाई जाए एवं गौशाला का अनुदान होल्ड किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से सालाना कितनी अनुदान राशि आ रही है कितनी खर्च हो रही है जानकारी सार्वजनिक की जाए। उन्होंने ने ज्ञापन में बताया कि किसी भी गौशाला के सदस्य को मालुम नहीं है कि गौशाला में क्या हो रहा है। जब ग्रामीणों और गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा हिसाब किताब माँगा जाता है तो समिति के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने मांग की है कि गायों की हालत देखकर एवं गौशाला की स्थिति देखकर राज्य सरकार से मिले अनुदान को गौसेवा में लगाने के लिए अध्यक्ष से कहा गया। गौशाला में गायों के लिए ना तो चारे की व्यवस्था है और नाही तीन सेड लगवाकर गायों के रहने के लिए जगह सुयोजित करवा रखी। गौवंश गाँव वालों के खेतों में चरकर अपना पेट पालती हैं। गायों के चारों और पानी



भराव के चलते कीचड और गारा हो गया है। वहीं अनेक गाय बीमारू हालत में मरने जा रही हैं। लेकिन अध्यक्ष को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। गौशाला के अनुदान से अध्यक्ष खुद का भरण पोषण कर रहा है उसने गायों के साथ दुराचार कर रखा हैऔर गायों का हक़ खा रहा है। श्रीश्याम गौशाला समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जो लोग श्रीमान उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर गए हैं इनका इस गौशाला समिति में कोई योगदान नहीं है। इन लोगों ने पूर्व में भी झूंठी शिकायत देकर अनुदान रुकवा दिया था और आज भी ऐसा ही करने के लिए इन्होंने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया है। इन लोगों ने सैकड़ों बीघा चारागाह जमीन पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर फसलें बो रखी हैं और मकान भी बना लिए हैं। चारागाह जमीन पशुओं के लिए चरने की जमीन होती है पशुओं के हक़ मारने की नहीं। मेरी प्रशासन ने दरखास्त है कि गाँव आलमपुर की चारागाह जमीन को खाली करवाई जाए जिससे गौवंश सहित सभी पशु आराम से विचरण कर सकें। रही बात चुनाव कराने की ऐ लोग तो समिति के सदस्य भी नहीं हैं। समिति संविधान के मुताबिक सदस्य लोग ही अध्यक्ष या अन्य पदों के लिए मतदाता हो सकते हैं।

## बाराही माता मंदिर का गुबंद बारिश में हुआ धराशाई



बढ़ता राजस्थान

राजगढ़(अलवर)। उपखंड के समीपवर्ती माचाड़ी कस्बे में बुधवार रात्रि को बाराही माता मंदिर का एक गुबंद बारिश के कारण धराशाई हो गया। गनीमत रही कि यह गुबंद रात्रि को धराशाई हुआ यदि यह हादसा दिन में घटित होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बाराही माता मंदिर का करीब सात सौ वर्ष पुराना है। इस मंदिर के निर्माण कार्य के लिए पुरातत्व विभाग द्वारा पुर्नविकास के लिए बजट जारी हुआ था। लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण निर्माण कार्य समय पर पुरा नही किया गया। जिस कारण मंदिर कि एक गुबंद रात्रि करीब 2.30 बजे बारिश के कारण धराशाही हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाकर लीपापोती की जा रही है। गुबंद गिरने की सूचना पर रैणी उपखंड अधिकारी हरकेश मीना, तहसीलदार कैलाश मेहरा, नायब तहसीलदार श्याम दीक्षित, पटवारी मोहित, सरपंच प्रतिनिधि ने मौके पर आकर निरीक्षण किया और जेसीबी मशीन को बुलवाकर सड़क से मलबे को हटाया। ग्रामीणों ने मंदिर की दीवार व गुबंद सहित जमीन से बनवाने की मांग की है।

## श्री चंद्रप्रभ् दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी बाजार अलवर में भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया



**अलवर ( का.स. )।** मोक्ष सप्तमी के अवसर पर गुरूवार को जैन 23वें तीर्थंकर चिंतामणि पारसनाथ भगवान पारस निर्माण महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति से आयोजित किया गया। उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज ससघ के पावन सानिध्य में प्रातऱ 6बजे अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजन श्री शांतिनाथ महामंडल विधान 16 दिवसीय गुरुदेव के सानिध्य में चल रहा है उसके पश्चात पारसनाथ भगवान की पूजन निर्वाण कांड लाडू चढ़ाया गया। सभी मंदिरों में आज 23वें तीर्थंकर पारसनाथ भगवान मोक्ष कल्याणक के अवसर पर लड्डू चढ़ाया गया । उसके पश्चात उपाध्याय श्री के उपदेश मंगल प्रवचन हुए। 23 परिवारों के द्वारा लड्डू चढ़ाया गया। जानकारी संयोजक पवन जैन चौधरी एवं संजय जैन बरवाड़ा आयोजक श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी बाजार एवं णमोकार उपासना वर्षा योग समिति ने दी।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अपने 17 दिवसीय अमेरिका दौरे पर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अपने 17 दिवसीय अमेरिका दौरे पर है। जूली ने वॉशिंगटन में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पदाधिकारियों से मुलाकात की। जूली वॉशिंगटन चैप्टर अध्यक्ष जॉनसन म्यालिल से मिले ए टैरिफ के बाद भारत.अमेरिका के व्यापारिक संबंधए वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य और प्रवासी भारतीयों से जुड़े मसलों पर विस्तृत चर्चा की। उनके साथ अमेरिका दौरे पर राजस्थान से विधायक रामकेश मीणा और अमीन कागजी भी मौजूद रहे ।

# जन आधार 2.0 पोर्टल का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 31 जुलाई को जन आधार योजना के तहत जन आधार 2.0 पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार को आयोजित किया गया। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक एवं अतिरिक्त जिला जन आधार योजना अधिकारी श्री फूल सिंह की अध्यक्षता में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें जन आधार योजना प्रभारी श्री कृष्ण गोपाल सिंह शेखावत द्वारा जन आधार योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जन आधार पोर्टल 2.0 में किए गए नवीनतम संशोधनों की प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जिले के ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी एवं जन आधार योजना से जुड़े कार्मिकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें आमजन स्वयं अपनी एसएसओ आईडी से जन आधार में बैंक डीटेल में अद्यतन कर सकते है। जिले के समस्त ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा इस प्रशिक्षण में भाग लिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों के साथ जन आधार में क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई। डुप्लीकेट नाम, मुखिया परिवर्तन, साथ ही एनपीसीआई के माध्यम से बैंक खातों का सत्यापन करने की सुविधा भी जन आधार पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारीयों को द्वितीय सत्यापन करने के लिए नियुक्त किया गया है। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त अधिकारीगण एवं कार्मिकों को जन आधार पोर्टल 2.0 की नई व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# नगर परिषद की जमीन हड़पने के मामले में सामने आई अवैध गतिविधियाँ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी की न्यू कॉलोनी में नगर परिषद की एक बेशकीमती जमीन को अवैध तरीके से हड़पने का एक बड़ा मामला सामने आया है। इस जमीन को, जो कि मूल रूप से 125 गुणा 125 फीट का एक भूखंड था, धोखाधड़ी और अवैध आवंटन के माध्यम से हड़पा गया है। यह खुलासा आरटीआई कार्यकर्ता हनुमान सिंह भाकल द्वारा मांगी गई जानकारी के जवाब में नगर परिषद आयुक्त ने किया है।

## कैसे हुआ घोटाला?

पूरा मामला भूखंड संख्या 125 गुणा 125 फीट से जुड़ा है। इस भूखंड को पहले श्यामलाल एंड ब्रदर्स से प्रेम सिंह जी भाकल ने 62.5 गुणा 125 फीट का हिस्सा खरीदा। बाकी बचे 62.5 गुणा 125 फीट के हिस्से में से 62.5 गुणा 77.6 वर्ग फीट भूखंड बृज बल्लभ ने खरीदा।

## गलत रजिस्ट्री

बृज बल्लभ ने रजिस्ट्री करवाते समय, अपनी जमीन के साथ लगती सरकारी जमीन को भी शामिल कर लिया। उन्होंने 62.5 गुणा 77.6 फीट के बजाय 88.6 गुणा 77.6 फीट की रजिस्ट्री करवा ली।

**अवैध आवंटन**– सरकारी जमीन पर किए गए इस अवैध कब्जे को कानूनी रूप देने के लिए, बृज बल्लभ ने इसे %स्ट्रिप ऑफ लैंड% बताकर गैरकानूनी तरीके से अपने नाम आवंटित करवा लिया। जबकि %स्ट्रिप ऑफ लैंड% की कानूनी परिभाषा के हिसाब से यह भूखंड काफी बड़ा था।

## भू-उपयोग परिवर्तन

इसके बाद, बृज बल्लभ के दो बेटों, अमृतलाल और रविदत नुवाल ने इस भूखंड को बिना किसी वैध दस्तावेज के अपने नाम पर आवंटित करवा लिया। उन्होंने दो अलग-अलग भूखंडों को मिलाकर एक कर दिया और आवासीय भू-उपयोग को व्यावसायिक में बदलवा लिया, जबकि जमीन का आवंटन सिर्फ आवासीय उपयोग के लिए किया गया था।

## नगर परिषद ने माना अवैध

आरटीआई के जवाब में, नगर परिषद आयुक्त ने इस पूरे आवंटन को पूरी तरह से गलत और अवैध बताया है। इससे यह साफ हो जाता है कि सरकारी जमीन को हड़पने के लिए कई स्तरों पर नियमों का उल्लंघन किया गया है।

# पश्चिम मध्य रेल कोटा वर्कशॉप ने जुलाई माह में सर्वाधिक 700 वैगनों की मरम्मत कर रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** पश्चिम मध्य रेल के कोटा स्थित रेल कारखाने में वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है।? पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार के निर्देशन और प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता का विशेष योगदान तथा मुख्य कारखाना इंजीनियर एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक की सतत निगरानी में पश्चिम मध्य रेल के माल डिब्बा मरम्मत कारख़ाना कोटा ने जुलाई 2025 माह में 700 वैगनों की मरम्मत कर अपने इतिहास का सर्वाधिक मासिक आउटटर्न प्राप्त किया है, जो कारखाने की स्थापना के बाद से अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। इससे पूर्व मई 2024 में माल डिब्बा मरम्मत कारख़ाना कोटा ने 662 वैगनों की मरम्मत कर उस समय का अपना सर्वाधिक आउटटर्न प्राप्त किया था।

वर्तमान में कारखाने के लिए मासिक लक्ष्य 600 वैगन निर्धारित है, जिसके मुकाबले इस वर्ष जुलाई में प्राप्त 700 वैगनों का आंकड़ा एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मुख्य कारखाना प्रबंधक ने इस रिकॉर्ड आउटटर्न के लिए कारखाने के समस्त अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों तथा कर्मचारियों को इस विशेष उपलब्धि हासिल करने पर हार्दिक बधाई दी।

# पति की हत्या व सबूत मिटाने के मामले में जिला एवं सेशन न्यायाधीश बूंदी द्वारा अपराधी महिला को आजीवन कारावास

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अपने पति की हत्या व सबूत मिटाने के मामले में जिला एवं सेशन न्यायाधीश बूंदी द्वारा आजीवन कारावास की महिला ममता गुजर को सुनाई सजा , लोक अभियोजन भूपेंद्र सहाय सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों का आरोप था कि प्रेम प्रसंग के चलते दिया घटना को अंजाम ,लोक अभियोजक ने 64 दस्तावेज व पुत्र नाबालिक परवीन की मुख्य गवाही सार्थक रही जिस पर फैसला दिया , पुत्र ने माता को कुल्हाड़ी धोते हुए देखा था साथ ही मृतक राजेंद्र का धड़ से गार्डन लग पड़ी थी मामला 9 जून 2024 दबलाना थाने के नरसिंह पूरा का मामला हैं जिस में आज न्यायालय ने महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई व सबूत मिटाने में 3 वर्ष की सजा का आदेश किया।

## जिला उद्यानिकी विकास समिति की बैठक

# कोल्ड स्टोरेज, वैल्यू एडिशन और बैंक सहयोग से किसानों की आमदनी बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा

### बैठक में किसानों से संवाद, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग पर कलक्टर का जोर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( दामोदर सिंह )।** जिला उद्यानिकी विकास समिति की मासिक बैठक जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में उपनिदेशक उद्यानिकी एन. बी. मालव ने जिले में चल रहे कार्यों, प्रगति एवं निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी दी। बैठक के दौरान कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में क्लस्टर एवं एफपीओ बेस्ड प्रोसेसिंग यूनिट अधिक से अधिक स्थापित की जाए ताकि कृषकों के सामने विपणन की चुनौती ना आए। उन्होंने पेरिशेबल उत्पाद जैसे टमाटर, मिर्च, गुलाब आदि के लिए सोलर ड्रायर प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना को बढ़ावा देने पर बल देते हुए संबंधित विभाग को आमजन को इसके लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए ताकि किसान अपनी उपज को सुरक्षित कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

## प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को मिले बढ़ावा

**कलक्टर ने प्रसंस्करण क्षेत्र में आने वाले आवेदनों की विभागीय स्तर पर समीक्षा कर, उन्हें कोऑपरेटिव संस्थाओं से समन्वय कर बैंकिंग सहायता उपलब्ध कराने की बात कही ताकि किसान बिना किसी अड़चन के प्रसंस्करण यूनिट स्थापित कर सकें। उन्होंने नाबार्ड से बेहतर समन्वय कर अधिकाधिक किसानों को योजना लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कोटा जिले में अधिक से अधिक कोल्ड स्टोरेज एवं प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जानी चाहिए ताकि किसानों को उपज को संरक्षित करने एवं प्रसंस्करण के अधिक अवसर प्राप्त हो सकें।**



## स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने के प्रयास तेज हों

बैठक में मधुमक्खी पालन से संबंधित चर्चा के दौरान एक कृषक द्वारा शहद उत्पादन की जानकारी दी गई, जिस पर कलक्टर ने सुझाव दिया कि कृषक के पास उपलब्ध शहद की मात्रा का लैब टेस्ट कर उसकी गुणवत्ता का प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाए और संबंधित दस्तावेज संलग्न कर मिड डे मील योजना में शहद को शामिल करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि लैब टेस्ट सर्टिफिकेट से शहद की बिक्री स्थानीय एवं अन्य बाजारों में भी अधिक सुगम होगी। इस अवसर पर उन्होंने उद्यमी कृषक कपिल जैन से संवाद किया, जिन्होंने गुलाब की खेती, सोलर ड्रायर/ डिहाइड्रेशन यूनिट एवं गुलाब जल जैसे उत्पादों से प्राप्त लाभ साझा किए। कलक्टर ने उनके नवाचारों की सराहना करते हुए अन्य कृषकों को भी इससे प्रेरित करने की बात कही।

## प्रशिक्षण और वैल्यू एडिशन पर ज़ोर

कलक्टर ने केवीके एवं उद्यानिकी विभाग को आपसी समन्वय से वैल्यू एडिशन और उद्यमिता के क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखते हुए इसे व्यवसाय का रूप देना आवश्यक है, जिससे कृषक आत्मनिर्भर बन सकें और युवाओं को भी प्रेरणा मिले। बैठक में कृषि विभाग से संयुक्तनिदेशक आतिश शर्मा, कृषि अधिकारी सोनल सिंघल एवं भंवर लाल मीणा, अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर, डीडीएम नाबार्ड आर पी शर्मा,के वीके इंचार्ज महेन्द्र सिंह,कृषि वैज्ञानिक, उद्यमी अंकित सांवला पप्रगतिशील कृषक ईश्वर गौतम कपिल जैन, शिव प्रकाश नागर कौशल किशोर, मशरूम उद्यमी यशराज साहू ,शहद प्रसंस्करण यूनिट संस्थापक नरेंद्र कुमार नागर उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** दिनांक 31 जुलाई 2025 को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कोटा बैरियल स्थित सार्वजनिक गणेश मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक पेड़ मां के नाम के जिला संयोजक कर्नल सिंह काकरवा एवं विधानसभा संयोजक राकेश पिपलिया उपस्थित रहे। जिला संयोजक कर्नल सिंह काकरवा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करते हुए धरती को हरा-भरा बनाना है। उन्होंने सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। वहीं, विधानसभा संयोजक राकेश पिपलिया ने कहा कि प्रकृति ने हमें जो अमूल्य उपहार दिए हैं, उन्हें संरक्षित रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। स्वच्छ एवं हरित वातावरण के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण में भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। विधानसभा के सह-संयोजक लाला देराश्री ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

मंडल अध्यक्ष - राजेन्द्र दशोरा, प्रधान प्रतिनिधि - कुशाल बारेशा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष - कमलेंद्र सिंह हाड़ा, महिला मोर्चा अध्यक्ष - राजू चौधरी, एक पेड़ मां के नाम अभियान के सहसंयोजक बृज नारायण सैनी सोशल मीडिया प्रभारी - मनीष गिरी, नगर उपाध्यक्ष - आशा व्यास, मीडिया प्रभारी तन्वी शर्मा, पदमा सोनी, रामेश्वर चौधरी, , दिनेश सैन, पूर्व महामंत्री हर्ष जैन, हरीश राठौड़, कान्हा राम चारण, सुरेश छावड़ा, बालू बंजारा, विजय गुप्ता, , प्रेम चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक चौधरी, कार्तिक तोमर, राजेश सिंह, मनोज मेहरा, बाबूलाल नायक, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इरफान, बंटी गौड़, यशवंत सेन एवं श्याम गुलाटी ।

# अजमेर के गेगल थाना व जिला स्पेशल टीम को मिली बड़ी सफलता

## विगत दिनों जाटली गांव मे 85 वर्षीय वृद्धा से नथ लूट की वारदात का किया पर्दाफाश

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के गेगल थाना पुलिस को बड़ी कार्यवाही करते हुए दो शातिर आरोपी मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक बोराडा निवासी दिनेश नाथ, देवडूंगरी निवासी हीरालाल रेदास बताई जा रहे हैं। जिले के गेगल थाना पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर सोने की नथ बरामद कर ली है। यह मामला जाटली गांव मे 25 जुलाई की सुबह घर के बाहर बैठी 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के नाक से नथ तोड़ कर आरोपी फरार हो गए थे। तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के सुपरविजन में थाना प्रभारी सुमन चौधरी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई हैं।

इनका रहा विशेष योगदान, आरोपियों को पकड़ने में कांस्टेबल रिश्वेंद्र सिंह,जीवन राम, धरमवीर, रामपाल का रहा विशेष योगदान रहा है। और पकड़े गए आरोपियों से पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही हैं। पुलिस फिलहाल मामले की जाँच मे जुटी हुई हैं।

# रोटरी क्लब कोटा लहरिया महोत्सव संपन्न मे 150 सदस्याओं ने लिया भाग





बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** रोटरी क्लब कोटा द्वारा हरियाली तीज के उपलक्ष्य में गुरुवार को लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे क्लब की 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रोजेक्ट चेयरमैन पूजा मित्तल ने बताया कि इस विशेष आयोजन में लगभग 60 महिलाओं ने रैंपवॉक किया। जिसमें तीज क्वीन कांटेस्ट का टाइटल संदली बंसल ने जीता। नूपुर शर्मा रनर अप रही।

अध्यक्ष महिला शाखा अनिता सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में तीज थाली सजाओ प्रतियिगिता, मनोरंजक ग्रुप गेम्स, स्पेशल तीज हाऊसी का भी आयोजन किया गया। विशेष फोटो बूथ और सावन झूले आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं द्वारा अलग अलग फिल्मी गीतों पर तीज नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। सभी महिलाओं के लिए तीज के अवसर पर घेवर भेंट किया गया। सभी ने एक दूसरे को तीज की बधाई दी। सचिव महिला शाखा नम्रता अग्रवाल ने बताया कि सभी महिलाओं ने उत्सुकता के साथ हाथों को सुन्दर मेहंदी से सजाया। श्वेता गोयल, कोषाध्यक्ष महिला शाखा सहित कई वरिष्ठ महिला सदस्यों ने परम्परागत लहरिया, पोशाकें पहनकर और सजधज कर महोत्सव का आनंद उठाया। महिलाओं की 4 टीम बनाकर सावन की थीम आधारित फिल्मी गीतों की अंताक्षरी खिलाई गई। जज रश्मि परमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। लहरिया महोत्सव की प्रोजेक्ट मेंटर पूर्व अध्यक्ष चंद्रकांता अशोक मेहता, प्रोजेक्ट टीम सिम्मी गोयल, सुनीता जौली गोयल, सुनीता गोयल, रचना ग्वालानी, निक्की अग्रवाल, संगीता झंवर, लतिका गर्ग, स्वाति मंगल, नीति जैन, नूपुर अग्रवाल ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भविष्य की चिंता :नांता महल विद्यालय, को फिर से सुचारू करने की माँग से प्रशासन मे हलचल

## सभी तकनीकी पहलुओं पर फिर से होगी समीक्षा -राकेश जैन

### नहीं होने देंगे बच्चों की पढ़ाई खराब

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( विनोद गौड़ )।** नान्ता गढ़ महल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को शनिवार को पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन लखन मीणा द्वारा विजिट करके पूरे परिसर को असुरक्षित होने की अनुशंषा करने के बाद से ही, क्षेत्र के लोगों में यह आशंका घर करने लगी थी कि, क्षेत्र से एकमात्र ऐतिहासिक स्कूल भी शिफ्ट होने वाला है । यहाँ पढ़ रहे 600 बच्चों के परिजनों व अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य का खतरा मंडरानें लगा। हाल ही में पिछले सत्र,माह पूर्व बालिका विद्यालय को भी इसमें मर्ज कर दिया गया था जिसे स्थानीय लोगों ने स्वीकार करते हुए मान लिया था कि एक ही परिसर में दो विद्यालय होने से स्टाफ व अन्य समस्याओं को दूर करने में प्रशासन और विभाग को मदद मिलेगी। लेकिन भवन के जर्जर रिपोर्ट की बात से जनता में आक्रोष है । वहीं विभाग भी अब अपनी परिसंपत्तियों की पुनरावलोकन एवं फिजिकल वेरिफिकेशन करने में जुटा हुआ है। शनिवार को डीईओ के के शर्मा द्वारा भी फिर से निरीक्षण किया गया था जिसमें भी स्थानीय निवासियों ने मांग को दोहराते हुए विद्यालय को यही संचालित रखने की माँग दोहराई थी।

ऐसे में स्थानीय लोगों में पार्श्वनाथ अपार्टमेंट सोसायटी के अध्यक्ष राजू सोनी पूर्व अध्यक्ष हरिसिंह हाडा, ट्रेंचिंग ग्राउंड समिति के अध्यक्ष नितिन गोचर,कांग्रेस कार्यकर्ता, लटूर सैनी,अभिषेक सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रह्लाद सुमन, हर्षवर्धन गौतम, सुदर्शन वशिष्ठ सहित क्षेत्र के सभी अभिभावक वर्ग के लोगों द्वारा लगातार छात्रों के अध्ययन में परेशानी व रुकावट पैदा ना हो इसलिए प्रशासनिक एवम राजनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने की माँग तेज हो रही है।

ऐसे में शहर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर पूरे परिसर का गहनता से अवलोकन किया। करीब 2 घंटे तक परिसर का भली भाँति अवलोकन करने के बाद राकेश जैन ने बताया कि ग्रामीणों की बात में सच्चाई नजर आती है परिसर का बाहर वाला हिस्सा सुरक्षित नजर आ रहा है । ऐसे में प्रशासन से यहां पर दोबारा फिजिकल वेरिफिकेशन करवा कर परिसर को आवश्यक रिपेयर मरम्मत करवाने के लिए कहा जाएगा,इस संदर्भ में माननीय लोकसभा अध्यक्ष को भी अवगत करवाएंगे।

जैन ने बताया कि यहां पर 10 से 12 कमरे ऐसे हैं जो की पूरी तरह से सुरक्षित है ऐसे में पूरे परिसर को कंडम घोषित किया जाना सही नहीं है हम प्रयास करेंगे की दोबारा से परिसर का सर्वे करवाकर, तकनीकी रूप से थोड़ी बहुत मरम्मत करवा कर विद्यालय को यहां पर सुरक्षित रूप से संचालित किया जा सकता है।

# शोभायात्रा, निर्वाण लाडू समर्पण और कृत्रिम सम्मेद शिखर पर्वत बना श्रद्धा का केंद्र

## आचार्य प्रज्ञासागर मुनिराज के सान्निध्य में हुआ मोक्ष सप्तमी पर्व का आध्यात्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( विनोद गौड़ )।** तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक एवं सुविख्यात जैनाचार्य आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी मुनिराज के पावन सान्निध्य में मोक्ष सप्तमी-निर्वाण महोत्सव का दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन गुरुवार को प्रज्ञालोक (महावीर नगर प्रथम, कोटा) में भव्यता और भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में 2 किलो 23 ग्राम के 24 निर्वाण लाडू एवं 23 किलो 23 ग्राम का मुख्य लाडू विशेष विधि-विधान से समर्पित किया गया।

महामंत्री नवीन दौराया ने बताया कि प्रज्ञालोक में कृत्रिम सम्मेद शिखर पर्वत का निर्माण किया गया, जिसमें 20 तीर्थंकरों की टोंक बनाई गईं और सबसे ऊपर भगवान पार्श्वनाथ के चरण विराजित किए गए। पर्वत की स्वर्ण भद्रकूट पर मुख्य निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। पर्वत के निकट कृत्रिम गंधर्व नाला श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। 24 इंद्र-इंद्राणी परिवारों ने 24 पांडू शिलाओं पर विधिपूर्वक अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया। पादप्रक्षालन का सौभाग्य निहाल जैन ठोला परिवार (गणेश नगर) को प्राप्त हुआ। सोधर्म बने महेंद्र —अंजना जैन ,सारथी बने गुरु भक्त संजय रितु निर्माण परिवार,जिनवाणी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य राहुल, रितेश समस्त कासलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ।

प्रातः 7:00 बजे प्रज्ञालोक से आरंभ हुई शोभायात्रा में 24 तीर्थंकरों की पालकियाँ, 24 इंद्र-इंद्राणी परिवार, 24 ध्वजा लिए युवा, 24 दीपक लिए सौधर्मी बालक, तथा 24 मंगल कलश लिए सौभाग्यवती महिलाएं शामिल हुईं। शोभायात्रा में सौधर्म इंद्र-इंद्राणी परिवार (महेन्द्र — अंजना जैन, टोंक वाले सुभाष नगर) रथ पर विराजमान भगवान पार्श्वनाथ की अगवानी करते हुए सम्मिलित हुए।

# केंद्रीय मंत्री से मिलकर रद्द करने की मांग, सरमथुरा क्षेत्र के लोगों के हित का मुद्दा उठाया

## टाइगर रिजर्व अधिसूचना पर सांसद भजनलाल जाटव ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**सरमथुरा /धौलपुर (राजू शर्मा)।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने टाइगर रिजर्व अधिसूचना को लेकर गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए करौली-धौलपुर टाइगर रिजर्व परियोजना को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग रखी। सांसद ने स्पष्ट किया कि करौली-धौलपुर एक जनसंख्या घनत्व वाला इलाका है, जहां हजारों ग्रामीण कृषि, पशुपालन एवं वनों पर निर्भर हैं।



टाइगर रिजर्व की अधिसूचना से इन परिवारों के भू-अधिकार और आजीविका पर सीधा संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही इस क्षेत्र में स्थित धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के अस्तित्व को भी खतरा पैदा हो गया है। भजनलाल जाटव ने यह भी बताया कि इस निर्णय से पूर्व ग्राम सभाओं, पंचायतों की सहमति नहीं ली गई और जनसुनवाई की प्रक्रिया भी पूरी तरह से नदारद रही। यह स्थिति भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास कानून 2013 का स्पष्ट उल्लंघन है। सांसद ने कहा कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के लिए गए इस निर्णय से जनता में भारी आक्रोश एवं चिंता है। यह निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल आत्मा के विपरीत है। स्थानीय जनता और पंचायत प्रतिनिधियों की राय को शामिल किए बिना लिया गया यह फैसला, क्षेत्र के भविष्य के लिए घातक हो सकता है। सांसद ने परियोजना की समीक्षा कर आमजन की सहमति से ही कोई निर्णय लेने की मांग दोहराई। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से मांग की कि आमजन के हित को देखते हुए टाइगर रिजर्व अधिसूचना पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। इससे यहां के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

### एक दिन पहले डीएफओ ने भी लोगों को दिलाया था भरोसा

**मंगलवार को धौलपुर-करौली टाईगर रिजर्व के बफर जोन की अधिसूचना जारी होने से ग्रामीणों में फैली भ्रांतियो को दूर करने के लिए उपवन संरक्षक डॉ आशीष व्यास ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि बफर जोन से कोई भी गाँव विस्थापित नही किया जाएगा। साथ ही कोर जोन से भी गांवो का विस्थापन पूर्णतः स्वेच्छिक होगा वह किसी भी प्रकार का दबाव या जोर जबरदस्ती कर ग्राम विस्थापित नहीं किए जाएंगे साथी वन संरक्षक आशीष वास द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई के किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई क्षेत्र में धौलपुर करौली टाइगर रिजर्व घोषित होने से ग्राम वासियों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान उपवन संरक्षक डॉक्टर आशीष व्यास, क्षेत्रीय वन अधिकारी देवेंद्र सिंह चौहान, फ़ौरिस्टर बने सिंह सहित सहित वन विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।**

# विद्यालय मार्ग में भरा पानी, प्राचार्य ने लिखा उपखंड अधिकारी को पत्र



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैटोली के प्रधानाध्यापक ने उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर ग्राम चैटोली से महतोली को जोड़ने वाली सड़क पर पानी भरने एवं वाहनों के आवागमन से गहरे गड्ढे बन गए हैं जिससे छात्रों को विद्यालय आने जाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपखंड अधिकारी को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैटोली में अधिकांश विद्यार्थी महतौली ग्राम के हैं गांव महतोली से चैटोली को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत है वर्तमान में कार्य नहीं चल रहा है । इस मार्ग पर वर्तमान मैं जगह-जगह पर जलभराव की स्थिति है। वाहनो से इसमे बड़े गहरे गढ़दे बन गए है। सड़क के दोनों ओर ऊंचाई है तथा बाड लगी है। फलस्वरूप सम्पूर्ण मार्ग जलमग्न है। पैदल आने जाने का मार्ग पूर्णतः अवरुद्ध है। कक्षा प्रथम से बारहवी तक के विद्यार्थियों को विद्यालय पहुँचने में समस्याओ का सामना करना पड़ता है। बच्चो के फिसलकर गिरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। फलस्वरूप अभिभावक एवं बच्चे भयभीत है। जिस कारण नामांकन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पत्र में प्राचार्य दशरथ शर्मा ने उपखंड अधिकारी को आग्रह किया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग से मार्ग को दुरुस्त करवाये जाने का आग्रह करते हुए वर्तमान स्थिति से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया है।

# महिला आईटीआई में प्रवेश जारी अंतिम तिथि 31 जुलाई

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** माखुपुरा स्थित महिला आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 31 जुलाई तक राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल ईमित्रा कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते है। संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जयपुर के उद्योगपति श्री एन.के. जैन ने आह्वान किया है कि अधिकाधिक महिलाएं इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले अपना कौशल विकास कर लाभान्वित होवें। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शुल्क माफ है। संस्थान प्रधान एवं सहायक निदेशक शैलेन्द्र माथुर ने बताया कि आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों के अनुरूप आवेदन कि स्वयं जांच करें केवल ईमित्रा ऑपरेटर पर निर्भर ना रहें। साथ ही साथ अभ्यर्थी यह निश्चित कर ले की आवेदन की योग्यता जैसे दसवीं या आठवीं की अंक तालिका के अनुरूप ही उनका आधार कार्ड अपडेट होना चाहिए तथा आवेदन के समय दिया गया मोबाइल नंबर स्वयं के आधार से लिंक होना चाहिए। इस मोबाइल नंबर को अपने पास वेरिफिकेशन तक संधारित रखना होगा। उन्होंने बताया कि अजमेर स्थित महिला संस्थान में रोजगार एवं स्वरोजगारपरक एनसीवीटी व्यवसाय जैसे बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, फैशन डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी, स्विंग टेक्नोलॉजी, इंटिरियर डिजाइन एवं डेकोरेशन,कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, इन्फोर्मेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटनेंस तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक एवं एससीवीटी व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन संचालित है।

# रानी वाले बंध पर विजली के झूलते तारों से जानमाल का खतरा

बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** रानी वाले बांध पर हनुमान जी मन्दिर के रास्ते पर झूलते तारों से आमजन को जान माल का खतरा बना हुआ है। कभी भी कोई जन हानि हो सकती है। पूर्व पार्षद महिपाल जादो ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही खुले आम दिखाई देती है। तार धरातल से मात्र तीन फुट ही ऊचे है। वृक्ष की शाखाएं भी लटकी हुई है और इन बिजली के तारों पर कट भी लगा हुआ है। इस रास्ते पर किसान , मजदूर व मन्दिर दर्शनार्थी भी आते जाते रहते हैं। पशु धन के लिये भी खतरा बना हुआ है। विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से मांगकी गई है कि यथा शीघ्र समय रहते विद्युत तारो को निर्धारित ऊंचाई तक पहुंचाया जाए।

# स्वाधीनता दिवस को गरिमामय पूर्ण तरीके से करें आयोजित : अतिरिक्त कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय)।** स्वाधीनता दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह को धूमधाम से मनाये जाने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त कलक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को अटल सेवा केन्द्र सभागार में बैठक आयोजित की गयी।




अतिरिक्त कलक्टर ने कहा कि स्वाधीनता दिवस को जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के सम्बंध में दी गयी जिम्मेदारियों को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा के मौसम को मद्देनजर रखते हुए मुख्य समारोह स्थल पर जलभराव की निकासी, मिट्टी का भराव एवं अन्य प्रकार की समस्त तैयारियां पूर्व में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु आवेदन समय पर आवश्यक रूप से भिजवायें। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की चयन समिति को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वाधीनता दिवस समारोह में जिले की स्वतंत्रता सैनानियों एवं शहीदों की वीरांगनाओं के सम्मान हेतु आमंत्रित किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने समारोह स्थल पर छात्र-छात्राओं को लाने-छोडने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारी को वाहन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 14 एवं 15 अगस्त को प्रमुख चौराहों, ऐतिहासिक दरवाजों एवं मुख्य भवनों पर रंगीन एवं आकर्षक रोशनी की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जायेगी तथा रंगोली की व्यवस्था भारत स्काउट गाइड द्वारा की जायेगी। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वाधीनता दिवस के अवसर पर भरतपुर शहर की विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे शहर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखाई दे सके। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल पर स्टेज, बैठक व्यवस्था, शामियाने की व्यवस्था एवं साउण्ड की व्यवस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने हेतु बीईएसएल के अधिकारियों को निर्देश दिये तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एम्बूलेंस मय चिकित्सा दल एवं जीवनरक्षक दवाओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर रखने के निर्देश दिये। बैठक में बीडीए सचिव नीलिमा तक्षक, उपखण्ड अधिकरी राजीव शर्मा, एसीईओ विनय मित्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकरी अनित कुमार शर्मा, डीईओ अतुल चतुर्वेदी, डीडी आईसीडीएस सिकरामाराम चोयल सहित अन्य सम्बंधित जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

# चरक जयंती पर लिया फैटी लीवर मुक्त भरतपुर अभियान का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय)।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के मुख्य चरक संहिता जनक महर्षि चरकाचार्य जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किए जाने हेतु फैटी लीवर मुक्त भरतपुर अभियान चलाए जाने का संकल्प प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित प्रधान चिकित्सक डॉ रीना खंडेलवाल की मौजूदगी में लिया गया। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में रंगोली प्रतियोगिता जिसमें ज्योति, पूजा कोमल, प्रियंका छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसी तरह डिवेट में शिखा, गार्गी ने कविता लेखन में कनिष्का खंडेलवाल गायन में लक्ष्मण सुथार ग्रुप नृत्य में हर्षिता सोनी संधिका सेनी श्लोक पाठन में अंकित एवं मिमिक्री में हिमांशु सैनी एवं पोस्टर बनाने में छवि को प्रथम स्थान मिला। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह डॉ आशीष विजय डॉ अरविन्द शर्मा डॉ पिंकी चौहान डॉ श्यामवीर घुरैया डॉ मनीषा गुर्जर डॉ रेनू वर्मा डॉ सीमा वर्मा डॉ चन्द्र प्रकाश गुणावत डॉ राकेश वर्मा डॉ लोकेश गर्ग डॉ रमेश अरुण डॉ रविन्द्र सिंह डॉ ईश्वर चन्द्र डॉ कल्पेश जाजोरिया डॉ नितिन अग्रवाल डॉ प्रीति चौधरी डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ राजकुमार झा डॉ प्रियंक शर्मा डॉ राजेन्द्र वैष्णव डॉ शेलैश शर्मा द्वारा आचार्य चरक की जीवनी एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा जनहित में किए गए सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि खान-पान एवं जीवन शैली के प्रति बरती जा रही लापरवाही की वजह से फैटी लीवर की बढ़ती परेशानी बहुत ही चिंता का विषय है। आमजन को संतुलित खान-पान में संयमित जीवन शैली के प्रति जागरूक किया जाए तो फैटी लीवर की अधिकांश संभावना से बचा जा सकता है।

# चंबल नदी में उफान से उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर जिला कलेक्टर ने की प्रेस ब्रीफिंग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** चंबल नदी के बढ़े हुए जलस्तर और उससे उत्पन्न बाढ़ जैसी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और सेना के अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को लेकर संयुक्त समीक्षा की और मीडिया को संपूर्ण स्थिति की जानकारी दी।



कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस मीडिया ब्रीफिंग में जिला कलेक्टर ने बताया कि चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है और जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। निचले क्षेत्रों के गांवों में एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीमें तैनात हैं, जो आवश्यकतानुसार निगरानी के साथ राहत एवं रेस्क्यू कार्य में जुटी हैं।उन्होंने बताया कि अब तक सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। उनके लिए आश्रय स्थलों पर भोजन, चिकित्सा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि सेना के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सैन्य सहायता के लिए भी तैयारी की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने मीडिया को बताया कि प्रशासन द्वारा सभी उपखंड क्षेत्रों में कंट्रोल रूम, मेडिकल टीमें, मोबाइल यूनिट्स, नावें एवं राहत सामग्री तैयार रखी गई हैं। साथ ही तहसीलदारों, पटवारियों, ग्राम विकास अधिकारियों के सहयोग से जमीनी स्तर पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

#### 3 अगस्त को 15वां भारतीय अंगदान दिवस होगा आयोजित

# अंगदान जनसंकल्प अभियान को सफल बनाने हेतु आमजन को करें प्रेरित- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान सरकार जयपुर के निर्देशानुसार अंगदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 3 अगस्त 2025 को 15वां भारतीय अंगदान दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंगदान हेतु जनसंकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत जिले से न्यूनतम 2000 नागरिकों द्वारा अंगदान संकल्प दिलवाया जाना अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि उसी दिन सायंकाल को सभी राजकीय भवनों को हरे प्रकाश से प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है, जो अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के प्रति आशा का प्रतीक एवं अंगदाताओं के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करता है। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्तर पर संकल्प कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए नागरिकों को राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की वेबसाइट के माध्यम से अंगदान हेतु प्रोत्साहित करें।

# चंबल नदी में उफान जारी,अभी भी खतरे के निशान से 12 मीटर ऊपर पानी

## उपखंड प्रशासन दूसरे दिन भी डटा रहा डांग क्षेत्र में,ग्रामीणों को सचेत रहने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** हाड़ौती क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और कोटा बैराज से हो रही पानी की लगातार निकासी के चलते चंबल नदी उफान पर आई हुई है। ऐसे में उपखंड के डांग क्षेत्र तीन ग्राम पंचायतों के आधा दर्जन गांव चंबल के पानी से प्रभावित है। जिसको लेकर उपखंड प्रशासन पिछले 2 दिन से डांग के इन गांवों में ही डेरा जमाए हुए है।

गुरुवार को एसडीएम भगवत शरण त्यागी,तहसीलदार उत्तमचंद बंसल और विकास अधिकारी अनिल शर्मा के साथ सोने का गुर्जा और बसई डांग पुलिस के साथ ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी इन गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को सचेत करने के साथ चंबल नदी और आसपास के क्षेत्र में नहीं जाने की सलाह दी। तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया की चंबल का वर्तमान गेज 142 मीटर के आसपास है। जो खतरे के निशान से 12 मीटर ऊपर है। ऐसे में इन गांव की ओर पानी के बढ़ने से दो गांव का रास्ता बुधवार को बंद हो गया था। जिनके ग्रामीणों को अस्थाई टेंट लगाकर ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट किया गया। और उनके खाने-पीने की भी व्यवस्था की है। वही गुरुवार को कस्बा नगर ग्राम पंचायत की चिलीपुरा, मुरहन का पूरा, ज्वारे का पुरा, रजई खुर्द का निरीक्षण किया है। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीणों को रहने, खाने के साथ हर व्यवस्था की तैयारी पूर्व से रखी जाए। मेडिकल टीम को भी इन गांव में तैनात किया जा रहा है। साथ में पशुओं के चारे पानी की भी व्यवस्था की गई है।

### चंबल के गेज में आई 0.30 मीटर की कमी

सिंचाई विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार सुबह से शाम तक चंबल नदी के गेज में 0.30 मीटर की कमी आई है। जो एक राहत भरी खबर है। कोटा बैराज से हालांकि पानी की निकासी लगातार जारी है फिर भी चंबल का लेवल अब कम होने के आसार हैं। प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



# डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थ स्थलों की फ्री यात्रा अगले माह योजना का खर्च सरकार उठाएगी, यात्रियों को बस, रेल व वायुयान से करवाएंगे यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** अनुसूचित जाति समुदाय के व्यक्तियों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थ स्थलों का नि:शुल्क भ्रमण करवाया जाएगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि योजना का सम्पूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के यह यात्रा सितम्बर-अक्टूबर में प्रस्तावित है। यात्री बस, रेल अथवा वायुयान से यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के साधन और यात्रियों की संख्या का निर्धारण निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक के पश्चात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो। अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हो। आयकरदाता न हो और उसके पास जनआधार कार्ड होना अनिवार्य है।

## प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह का 84वां उर्स आज गरीब नवाज की छठी शरीफ की महफिल के साथ शुरू होगा

### दीवाना शाह दरगाह कपासन पर जायरीनों हेतु व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा के माकूल प्रबंध

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स का हजरत ख्वाजा गरीब नवाज़ की छठी शरीफ की महफिल के साथ आगाज होगा।साथ ही जुम्आ की नमाज के नमाजियो के लिए विशेष व्यवस्था इंतजाम किये गये।

दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर का तीन दिवसीय 84वां उर्स 1 अगस्त 6 सफर शुक्रवार जुम्आ को प्रात: 9 बजे हजरत ख्वाज़ा गरीब नवाज़ र.अ. के छठी शरीफ की महफिल के साथ शुरू होकर 3 अगस्त 8 सफर रविवार को जोहर की अज़ान से पूर्व कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा। यहां दरगाह परिसर के अन्दर-बाहर करीब 100 से अधिक सीसी टीवी केमरे व बुलन्द दरवाजे पर मेडल डिक्टेटर सहित मेले में ड्रोन केमरे से नज़र रखी जायेगी। इधर शुक्रवार प्रात: 9 बजे शाही महफिल खाने मे महफिले मिलाद के बाद महफिले समा,रात्रि 11 बजे संदल पेश करने की रस्म अदा होगी।बाद नमाजे ईशा के महफिले मिलाद बाद महफिले समा।इसी क्रम में शनिवार रात्रि बाद नमाजे ईशा के महफिले मिलाद के बाद महफिलें समा एवं रात्रि 3.30 बजे गुस्ल की रस्म अदा होगी। यहां रविवार 3 अगस्त बाद नमाजे फजर के देग का खाना तकसीम होगा।साथ ही 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी एवं जोहर की अजान से पूर्व कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा। सोमवार को आम जायरीन के दीदार हेतु भूमिगत मजार के पट खोले जायेगे। गुरूवार प्रात: 8 बजे से कुरआन ख्वानी हुवी,आशिके दीवाना द्वारा नियाज का अहतमाम किया गया। जिसमे समस्त मदरसे के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। मेले में माकूल व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर क्षेत्रीय प्रशासन,दरगाह वक्फ कमेटी पदाधिकारी, सदस्य, कर्मचारी एवं स्वयंसेवक तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुवे है। उक्त तीन दिवसीय उर्स मेले में नगर पालिका प्रशासन द्वारा पार्किंग कि व्यवस्था नि:शुल्क की गयी है।

जिसमे उदयपुर से आने वालो जायरीनों हेतु माताजी मंदिर के सामने तथा चित्तौड़गढ़ से आने वालो हेतु राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय का खेल मेदान व भादसोड़ा से आने वाले जायरीनों हेतु स्टेशन के समीप पुरानी कपास फैक्ट्री के बाहर का स्थल पार्किंग हेतु रहेगा।

## लोकसभा में सांसद दामोदर अग्रवाल ने उठाया जिंदल के अवैध खनन और ब्लास्टिंग का मुद्दा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा में मेसर्स जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा क्षेत्र में की जा रही अवैध ब्लास्टिंग और खनन गतिविधियों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि इन अवैध गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भूगर्भीय असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, जिससे पुर सहित कई इलाकों में मकानों में दरारें आ रही हैं और जन-धन की हानि हो रही है।

सांसद ने कहा कि जिंदल सॉ लिमिटेड ने न तो निवेश से संबंधित अनुबंधों का पालन किया और न ही स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया। जलिया गांव में 300 मीटर की परिधि में 15 मीटर गहरा गड्ढा बनाकर 45 किलोग्राम बारूद से ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसान और आमजन लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि कई किसान आत्महत्या तक करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने सदन में मांग की कि इन अवैध गतिविधियों को तुरंत रोका जाए और प्रभावित किसानों व निवासियों को राहत दी जाए। सांसद प्रवक्ता झुरानी ने बताया कि यह मुद्दा लोकसभा में प्रमुखता से उठाया गया।

## 48 घंटे में ट्रेलर चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पुलिस थाना पुर ने मात्र 48 घंटों में ट्रेलर चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी हुए ट्रेलर को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के अनुसार, प्रार्थी भैरूलाल जाट निवासी बोरडा बावरियान, जो जिंदल सॉ लिमिटेड कंपनी की पार्किंग में ट्रेलर आरजे 06 जीडी 5946 खड़ा कर गया था, ने 28 जुलाई 2025 को इसकी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन पटेल एवं वृत्ताधिकारी माण्डल मेघा गोयल के सुपरविजन में थाना पुर की टीम गठित की गई। थानाधिकारी पुष्पा कासोटिया के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मानवीय आसूचना और पारंपरिक पुलिसिंग तकनीकों के जरिये कार्रवाई करते हुए दुणी जिला टोंक से चोरी किया गया ट्रेलर बरामद कर लिया और आरोपी रामरूप मीणा व रोहित मीणा, दोनों निवासी कुरडा का झोपड़ा, देवखेड़ा थाना दुणी को गिरफ्तार किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिनोता मे निश्चय पोषण किट बाटे

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निम्बाहेड़ा तहसील के बिनोता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने को लेकर चलाए जा रहे निश्चय पोषण सहायता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिनोता पर निश्चय मित्रो द्वारा 8 टीबी मरीजों को निश्चय पोषण कीट प्रदान किए गये।

जिसमे चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश मेघवाल ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय आलोक रंजन ष्द्धद्धश डॉ ताराचंद गुप्ता के निर्देश से चिकित्सा संस्थान पर चिकित्सा कार्मिकों को स्वेच्छा से निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण कीट देकर टीबी मुक्त बनाया जा रहा है स्थानीय चिकित्सालय में डॉ दिनेश मेघवाल डॉ ओमप्रकाश धाकड़ डॉ श्वेता गिरिया नर्सिंग ऑफिसर रमेश रायवाल देवीलाल धाकड़ मोइन खान पवन मेघवाल लेब टेक्नीशियन कुलदीप सिंह ,आसमा बानू अफसाना मंसूरी द्वारा टीबी मरीजों को पोषण कीट दिए गए।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियो के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र 170 में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र निम्बाहेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपखंड क्षेत्र निम्बाहेड़ा एवं छोटी सादड़ी के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों पर्यवेक्षकों का दो दिवसीय समूह वार प्रशिक्षण पंचायत समिति निंबाहेड़ा में प्रारंभ हुआ। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विकास पंचोली ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रात: 9.30 से 6.00 तक दोपहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है गुरुवार को पहले दिन भाग संख्या 1 से 50 एवं 51 से 100 तक के बी एल ओ समूह एक वह दो का प्रशिक्षण पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बाहेड़ा में भाग संख्या 101से 150 एवं 151 से 174 तक के बी एल ओ समूह तीन व चार का प्रशिक्षण पंचायत समिति सभागार निम्बाहेड़ा में संपन्न हुआ ।

1 अगस्त को छोटीसादड़ी उपखंड के भाग संख्या 175 से 295 तक के बी एल ओ समूह 5/6 का प्रशिक्षण दो पारी में पंचायत समिति सभागार छोटी सादड़ी में आयोजित किया जाएगा गुरुवार को आयोजित शिविर में गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपखंड अधिकारी विकास पंचोली की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी को निर्वाचन विभाग द्वारा निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित कार्य की विस्तार जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची का शोध और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके प्रशिक्षण में बताया गया कि कहां पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बी एल ओ द्वारा सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र दो प्रतियो में उपलब्ध कराया जाएगा जो मतदाता को स्वयं के द्वारा भरा जाना है गणना प्रपत्र के साथ लग जाने वाले 11 दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई।

## निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय में व्यवस्था सुधार के लिए आरएमआरएस की बैठक आयोजित

### सफाई एवं पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी एवं स्वामी विवेकानन्द राजकीय जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा के सलाहकार मण्डल (आरएमआरएस) की बैठक विधायक एवं पूर्व यूडीएच श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई।

बैठक में सदस्यों द्वारा जिला चिकित्सालय के विकास एवं मरीजों के हित के लिये चिकित्सालय में साफ-सफाई, मेडिकल उपकरण क्रय करने, जिला चिकित्सालय के निर्माणधीन नवीन भवन के कार्य में गति लाने सहित विभिन्न कार्यों एवं विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के आरम्भ में पीएमओ डॉ. राघव सिंह ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं संचालन की जानकारी देते हुए प्रस्तावित विभिन्न कार्यों के एजेंडों के बारे में बताया। विधायक कृपलानी ने बैठक के दौरान चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले रोगियों से चिकित्सकों एवं स्टाफ़कर्मियों द्वारा किसी प्रकार का लेन देन ना हो, इसका विशेष ध्यान रखने तथा शिकायत आने पर उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके लिए विधायक कृपलानी ने वार्डों तथा चिकित्सालय परिसर में चेतावनी के बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए।



#### चिकित्सालय में सफाई और पार्किंग व्यवस्था का रखे विशेष ध्यान- विधायक कृपलानी

विधायक कृपलानी ने जिला चिकित्सालय में सफाई और शौचालयों में गंदगी के बारे में चर्चा करते हुए पीएमओ को चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और संबंधित ठेकेदार को इस संबंध में पाबंद करने के निर्देश दिए। वहीं, जिला चिकित्सालय में नवीन पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ कर आमजन को होने वाली समस्याओं से राहत देने के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष एवं आरएमआरएस सदस्य नितिन चतुर्वेदी ने सफाई कार्मिकों एवं सुरक्षा गार्डों की संख्या में बढ़ोत्तरी कर 24 घंटे में शिफ्ट के अनुसार कार्य करवाने का सुझाव दिया। बैठक में विधायक कृपलानी के साथ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा, जिला चिकित्सालय पीएमओ डॉ. राघव सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.आसिफ, नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंघवी, मनीष तोलम्बिया, रोहिन भटनागर, हर्षवर्द्धन सिंह आदि मौजूद रहे।

## करवर कस्बे में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा काशुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**करवर( ( राकेश नामा )।** कस्बे में बुधवार को माली समाज के सानिध्य में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया।

कलश यात्रा की शुरुआत केशव राय जी मंदिर प्रांगण से हुई जिसमें माली समाज के साथ अन्य समाज के भक्ति जन भी सुबह 10-00 बजे केशोराय भगवान मंदिर के प्रांगण पर एकत्रित हुए जहां कथा वाचक श्याम सुंदर महाराज ने पूजा अर्चना करवाई उसके बाद माता बहनों को कलश उठाए गए कलश यात्रा में आगे आगे 11 घोड़ियों पर ध्वज पता का हाथों में लिए समाज के चल रहे थे ,रथ पर राधा कृष्ण की सुंदर झांकी के साथ कथावाचक श्याम सुंदर महाराज विराजमान थे कलश यात्रा केशव चौक से खजुरा दरवाजा होते हुए तालाब की पाल होते हुए बस स्टैंड से कचरा मोहल्ला होती हुई मथुरादास जी के मंदिर पर विसर्जित हुई गुरुवार से सुबह 11.00 बजे से 4.30 तक श्रीमद् भागवत कथा चलेगी जिसमें सर्व समाज के लोग भक्ति रस का लाभ लेंगे।

## श्री अमरनाथ यात्रा बाबा बर्फानी के दर्शनों हेतु कपासन से अंतिम जत्था रवाना

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए कपासन से श्री अमरनाथ मित्र मण्डल के अध्यक्ष एवं पंचकैलाशी महेश पलोड़ एवं अनुराग पलोड़ द्वारा अंतिम जत्थे के रूप में प्रस्थान किया गया। उक्त दल 2 अगस्त को बाबा बर्फानी श्री अमरनाथ के दर्शन लाभ लेगा।इस वर्ष श्री अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर रक्षाबंधन के दिवस समाप्त होगी। उल्लेखनीय है किव्यक्त दल के नेतृत्वकर्ता नगर पालिका कपासन निवासी पंचकैलाशी महेश पलोड़ अपनी 32वीं एवं दल के सदस्य अनुराग पलोड़ छठीं बार श्री अमरनाथ यात्रा कर रहे है।

पंचकैलाशी महेश पलोड़ ने बताया कि उक्त दल 16 किमी दुर्गम पहाड़ियों में यात्रा बाद बाबा बर्फ़ानी की पवित्र गुफा या भवन पहुंचेगा।यात्रा मार्ग में रेलपथरी, बरहाडी टोप,काली माता स्थल आते है।प्रतिवर्ष इस पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फ़ानी प्रकट होकर भक्तों को दर्शन देते हैं।

कपासन के उक्त दल द्वारा बाबा बर्फानी के दर्शन कर कपासन नगर सहित चहुंओर खुशहाली की कामना की जायेगी। जिसमे नगर कपासन का जल संकट दूर हो तथा अच्छी बारिश होकर नगर का विशाल जलस्त्रोत राजराजेश्वर तालाब भर सके।

## पं.स. कपासन के सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने सुंदरकांड पाठ कर सुपुत्री का जन्मदिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर के तत्वावधान में रामचरितमानस के पंचम सोपान सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे मनमोहक धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस से ओतप्रोत होकर झूम उठे।

जानकारी अनुसार उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर में पंचायत समिति कपासन के सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग के निवास पर श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर के तत्वावधान में श्री रामचरितमानस के पंचम सोपान श्री सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का वाचन एवं भजन कीर्तन का आयोजन कर अपनी सुपुत्री का जन्मदिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का पंचायत समिति कपासन के सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं पंडित कैलाशचंद्र गर्ग द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं गणपति व बालाजी महाराज का पूजन कर शुभारंभ किया गया।इसके बाद कार्यक्रम में धार्मिक गीत एवं मनमोहक भजनों की बहार के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान कमलेश गर्ग, सीमा गर्ग, रेखा गर्ग, अखिलेश, दर्शन आदि श्रद्धालुओं द्वारा बालाजी महाराज, गणपति महाराज, माताजी, खाटूश्याम महादेव, श्री सांवलिया सेठ आदि धार्मिक गीत एवं भजन प्रस्तुत किये गये।




जिस पर उपस्थित भक्त एवं श्रद्धालु प्रभु के भक्तिरस से ओतप्रोत होकर झूम उठे। इस दौरान ढोलक वादक यशवंत गर्ग, राधेश्याम लोहार, मुन्नानाथ, अनीता, काली देवी, रोहित कुमार आदि भक्त एवं रामायण प्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बालवाहिनी समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** बालवाहिनी समिति की त्रैमासिक बैठक बुधवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सबसे पहले जिला परिवहन अधिकारी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना पर चर्चा की तथा बालवाहिनी योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी।पुलिस अधीक्षक ने बजट घोषणा 2023 के तहत बालवाहिनी वाहनों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही परिवहन व चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि वर्ष में एक बार बालवाहिनी चालकों की नेत्र जांच के लिए शिविर आयोजित किया जाए। उन्होंने यातायात पुलिस उप अधीक्षक सुरेश डाबरिया, समस्त थानाधिकारियों और परिवहन विभाग के उड़न दस्तों को मिलकर जिले में एक दिन का सघन जाँच अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अभियान के दौरान नियमों की पूर्ण पालना करने वाले स्कूलों को चिन्हित कर 'मोस्ट सेफ स्कूल' के रूप में सम्मानित किया जाए।

जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि बच्चों के सुरक्षित परिवहन की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की है, और इसे प्राथमिकता से निभाया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूलों को रोड सेफ्टी क्लब गठित कर बालवाहिनी योजना की पालना सुनिश्चित कराने तथा अवैध वाहनों की सूची बनाकर परिवहन कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक में समन्वयक निजी स्कूल शांतिलाल जैन ने सभी स्कूलों से बालवाहिनी नियमों की पूर्ण पालना का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात सुरेश डाबोरिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परवीन जरवाल, सहायक अभियंता नगर विकास न्यास अरविन्द व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेन्द्र गगड़, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) रामेश्वरलाल बाल्दी, सहायक अभियंता नगर निगम पुष्पेन्द्र बैरागी, कनिष्ठ अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग रामसुख माली, और शहर के प्रमुख विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस ने सुखाड़िया जयंती पर पुष्पांजली अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक राजस्थान के निर्माता एवं पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की जयंती पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व सभापति मधु जाजू के नेतृत्व में आयोजित पुष्पांजलि सभा में चंद्रप्रकाश अमरवाल, सुरेश कुमार बंब, पीर बख्श मंसूरी, परसराम जाट कांदा, सेवादल महासचिव संदीप टेलर, मुस्ताक अली मंसूरी, अली मंसूरी, गौरीशंकर दायमा, मोहम्मद हारून रंगरेज, जीतेश कुमार चपलोत, योगिता सुराणा, दिनेश बैरवा, अतुल सुराणा, सी.पी. खटीक सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ता सुखाड़िया सर्कल पहुंचे, जहाँ मोहनलाल सुखाड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

## डग पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि एवं सुसनेर विधायक भैरूसिंह परिहार का जन्मदिवस चौमहला में सेवा कार्यों के साथ मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला मै डग पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि एवं सुसनेर विधायक भैरूसिंह परिहार के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से जन्मदिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11.30 बजे चौमहला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर की गई। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे खेड़ापति मंदिर गोशाला में गौसेवा करते हुए गायों को चारा व खल खिलाई गई। इस दौरान केक काटकर विधायक परिहार के दीर्घायु की कामना की गई।इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष संजय जैन, मंडल कुंडला अध्यक्ष शिवलाल वर्मा, पंचायत समिति सदस्य नरवर सिंह, नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, भव्य गुप्ता, निखिल जैन, छोटू लाल भावसार, गंगाराम सरपंच, इकबाल भाई, रईस भाई, गोपाल सिंह चायड़ा, नारू भाई, अशोक राठौर, भेरू वर्मा, कान सिंह चायड़ा, पीरू खां, दिलीप सिंह, प्रधान सिंह बिलावली, जाकिर भाई इक्का, अनिल वर्मा, अर्जुन सिंह कागड़िया और उपसरपंच राकेश कहार सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक भैरूसिंह परिहार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके दीर्घायु व कुशल नेतृत्व की कामना की।

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





जहाँ तक रास्ता दिख रहा हैं वहाँ तक तो चलिए...
जीवन में आगे का रास्ता वहाँ पहुँचने के बाद दिखने लगेगा...

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# पाकिस्तान को 80% पानी नेहरू ने दिया : मोदी

## शाह बोले- 11 सालों में कश्मीर के बाहर कोई आतंकी घटना नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने 102 मिनट के भाषण में 74 बार पाकिस्तान और 14 बार नेहरू का जिक्र किया। गृहमंत्री अमित शाह ने भी 74 मिनट के अपने भाषण में कांग्रेस की पुरानी सरकारों और गांधी-नेहरू परिवार को निशाने पर रखा। सरकार के दोनों शीर्ष नेताओं ने इतिहास से जुड़े कई दावे किए, लेकिन इतिहास को संदर्भ के साथ रखने पर ही असली तस्वीर मिलती है।


### पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह के भाषण के 5 बड़े दावे और उनका सच, आइए जानते हैं

अमित शाह का बयान: '2005 से 2011 के बीच 27 हमले हुए। करीब एक हजार लोग मारे गए। हमारे समय में जो भी आतंकी घटनाएं हुईं, वो पाक प्रेरित और कश्मीर सेंट्रिक हुईं। देश के बाकी हिस्से में 2014-2025 के बीच एक भी आतंकी घटना नहीं हुई।'

### फैक्ट चेक: बड़े आतंकी हमलों में कमी आई, लेकिन गृहमंत्री का दावा पूरी तरह सही नहीं

भारत में आतंकी घटना की परिभाषा 1967 के यूएपीए एक्ट के आर्टिकल 15 में बताई गई है। इसके तहत ऐसा कोई भी काम जो किसी भी तरह के विस्फोटक के इस्तेमाल से भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा या संप्रभुता को खतरे में डालने या जनता में आतंक फैलाने के इरादे से किया जाए, उसे 'टेररिस्ट एक्ट' यानी आतंकी कार्रवाई कहते हैं। ऐसे मामलों को यूएपीए के तहत दर्ज किया जाता है और एनआईए जैसी एजेंसियां इनकी जांच करती हैं।





गृह मंत्रालय ने 2019 में संसद में बताया था कि पिछले 5 सालों में देश के बाकी हिस्सों में 6 आतंकी घटनाएं हुई हैं। उसके बाद का सटीक डेटा उपलब्ध नहीं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में ही ऐसी 5 बड़ी घटनाएं मिल जाती हैं, जिनमें विदेशी आतंकवादी गुटों का हाथ था, इनमें विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया, साथ ही इनकी जांच एनआईए ने की या कर रही हैज

### बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट, 2024

1 मार्च को बेंगलुरु के द रामेश्वरम कैफे में एक आईईडी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 9 लोग घायल हुए। एनआईए ने चार्जशीट में कहा कि इस्लामिक स्टेट से प्रेरित मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन अहमद ताहा ने हमले की प्लानिंग की और अंजाम दिया।

### बिहार: बोधगया ब्लास्ट, 2018

19 जनवरी को महाबोधि मंदिर के बाहर आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें दो भिक्षु घायल हुए थे। एनआईए ने जांच कर जमात-उल-मुजाहिदीन के 9 आतंकियों को आरोपी बनाया, जिनमें से 8 सजायाफ्ता हैं।

### पंजाब: पठानकोट एयरबेस अटैक, 2016

2 जनवरी को पंजाब के पठानकोट एयरबेस में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने हमला किया। करीब 65 घंटे तक सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ की। इसमें 7 जवान शहीद हुए, जबकि 37 अन्य लोग घायल हुए थे। हालांकि सारे आतंकी मारे गए थे। एनआईए ने बताया कि हमला करने वाले सभी आतंकी पाकिस्तान के थे।

### पश्चिम बंगाल: बर्दवान ब्लास्ट, 2014

2 अक्टूबर को खगरागढ़ इलाके के एक घर में ब्लास्ट हुआ, जिसमें 2 लोग मारे गए, जो बांग्लादेशी आतंकी ग्रुप जमात-उल-मुजाहिदीन के आतंकी थे। इस ब्लास्ट के बाद जेएमबी के नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ। एनआईए ने जांच की और 33 लोगों को आरोपी बनाया। इनमें से 31 को सजा हुई, जिनमें 4 बांग्लादेशी भी हैं।

### कर्नाटक: बेंगलुरु बम ब्लास्ट, 2014

28 दिसंबर को कोकोनट ग्रोव रेस्टोरेंट में एक आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें एक महिला की मौत हुई और 3 लोग घायल हुए। बाद में एनआईए ने आलमजेब अफरीदी को गिरफ्तारी किया। जांच एजेंसी ने माना कि ये भारत में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा पहला आतंकी हमला हो सकता है।

अमित शाह ने अपने भाषण में बताया कि 2004 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर में 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुईं थी, जबकि 2015 से 2025 के बीच 70% की कमी के साथ 2,150 आतंकवादी घटनाएं हुईं। 2015 से 2025 के बीच 357 आम नागरिकों और 542 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई। हालांकि इसी दौरान जम्मू-कश्मीर में उरी, पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमले हुए।

# सीजे बोले- कोर्ट की बिल्डिंग 50 साल तो खड़ी रहे

## हमने अखबारों में पढ़ा स्कूल का भवन गिर गया, मासूमों की जान चली गई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेंद्रन ने गुरुवार को दौसा में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट भवन के विस्तार का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा- मैं आशा करता हूं पीडब्ल्यूडी ने इस भवन में ऐसे प्रयास किए होंगे कि ये भवन कम से कम 50 साल तो खड़ा रहे। हमने अखबारों में पढ़ा और सुना कि स्कूल का भवन गिर गया। उसमें मासूमों की जान चली गई। ये हमारे दिमाग में होना चाहिए कि हम जो भी काम करें, कुछ भी काम करें। उसमें हमारी आत्मा और दिल लगाकर करें।

### मेरी हिंदी बंबइया, मैं इंग्लिश में कंफर्टेबल

सीजे ने अपने उद्बोधन में कहा- हमारा हिंदी बंबइया हिंदी हो जाएगा। कोई शब्द यूज करेंगे तो आपको भी बुरा लग जाएगा। इसलिए हमने सोचा किंग्स लैंग्वेज है, अभी क्वींस लैंग्वेज नहीं। इसलिए किंग्स लैंग्वेज इंग्लिश में ही बात करूंगा। मैं इसी में कंफर्टेबल महसूस करता हूं। सीजे राजेंद्रन ने कहा- सर्वशक्तिमान भगवान है। मेरा उन पर पूरा विश्वास है। जो भी होता है, भगवान करता है। हम सिर्फ उनकी कठपुतली हैं। वो (भगवान) शरीर और आत्मा का इस्तेमाल करते हैं अपना संदेश देने के लिए। शायद भगवान ने ही राजस्थान के लोगों को न्याय देने के लिए जस्टिस केआर श्रीराम के शरीर और आत्मा को चुना।

# रवि किशन बोले- कहीं समोसा छोटा, कहीं बड़ा मिलता है

## संसद में मांग रखी- होटलों-ढाबों में भोजन की मात्रा का स्टैंडर्ड तय करने कानून बने

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा सांसद और एक्टर रवि किशन ने बुधवार को सरकार से देशभर के होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों में परोसी जाने वाली खाने की चीजों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाने की मांग की। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि देश में कहीं भी, किसी भी खाद्य पदार्थ या व्यंजन की कीमतों और गुणवत्ता में कोई यूनिफॉर्मिटी नहीं है।

रवि किशन लोकसभा में शून्यकाल के दौरान अपनी मांग रखी। उन्होंने कहा- कहीं आपको ढाबे में समोसा ट्वीटर दर पर मिलता है, जबकि वाई दर पर। कहीं छोटा समोसा मिलता है, कहीं बड़ा। कुछ दुकानों पर दाल तड़का 100 रुपए में मिलती है, जबकि कुछ पर 120 रुपए में और किसी होटल में 1000 रुपए में।

गोरखपुर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बदलाव किए हैं, लेकिन इस क्षेत्र पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इसलिए, मैं मांग करता हूं कि सरकार एक कानून लाए ताकि ग्राहकों को खाना किफायती दामों पर मिल सके।

रवि ने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा- देशभर के होटल और ढाबों में मिलने वाले भोजन की मात्रा का मानक तय हो। होटलों के मेन्यू कार्ड में सिर्फ कीमत लिखी होती है, मात्रा नहीं। इससे ग्राहकों को भ्रम होता है और भोजन का वेस्टेज भी होता है। मेरी मांग है कि कानून तय करे कि मेन्यू में कीमत के साथ-साथ खाद्य पदार्थ की मात्रा भी लिखी हो।

# प्रियंका बोलीं- मोदी दोस्त बनाते हैं, बदले में क्या मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद मानसून सत्र के 9वें दिन बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा 3-3 बार स्थगित हुईं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसपर विपक्ष ने सदन और संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा, उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है। इसके पहले प्रियंका सहित विपक्ष के सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर बिहार मतदाताओं से जुड़े स्पेशल इंन्टेंसिव रिवीजन पर विरोध प्रदर्शन किया।

# मालेगांव ब्लास्ट- पूर्व सांसद, लेफ्टिनेंट कर्नल समेत सातों आरोपी बरी

## कोर्ट बोला- बाइक साध्वी प्रज्ञा की और पुरोहित आरडीएक्स लाए यह बातें साबित नहीं हुईं

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा- हम एनआईए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई है।

मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। करीब 17 साल बाद आए फैसले में जज एके लाहोटी ने कहा कि जांच एजेंसी आरोप साबित नहीं कर पाई है, ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए।

जज लाहोटी ने कहा कि धमाका हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं हुआ कि बम मोटरसाइकिल में रखा था। यह भी साबित नहीं हुआ कि मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा के नाम थी। यह भी साबित नहीं हो सका कि लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया। इस केस का फैसला 8 मई 2025 को वाला था, लेकिन फिर कोर्ट ने इसे 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र॰ऋस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया था। एनआईए ने 2016 में चार्जशीट दाखिल की थी। केस में 3 जांच एजेंसियां और 4 जज बदल चुके हैं।



### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले- कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों न निर्दोषों को फंसाया

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर कहा- सत्यमेव जयते... बीते 17 वर्षों की पीड़ा, सामाजिक बहिष्कार और राजनीतिक प्रहारों के बाद आज मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी 7 आरोपियों को माननीय न्यायालय द्वारा दोषमुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। वोटबैंक के लालच और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने न सिर्फ निर्दोषों को फंसाया, बल्कि पूरे हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने का संगठित प्रयास भी किया। आज न्यायालय ने उनके इस झूठे नैरेटिव का पर्दाफाश कर दिया है। यह फैसला उन सबके लिए सबक है, जो वोट बैंक की राजनीति के लिए भगवा आतंक जैसे आपत्तिजनक शब्दों को गढ़ते हैं।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश जांच में ह्यूमन फेक्टर स्पेशलिस्ट्स शामिल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को संसद को बताया कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच में ह्यूमन फेक्टर स्पेशलिस्ट्स को भी शामिल किया गया है। ये दुर्घटनाओं और अन्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के कारणों का एनालिसिस करते हैं और उन्हें रोकने के लिए डिजाइन में बदलाव का सुझाव देते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जांच में सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। यह फैसला इसलिए अहम है क्योंकि अमेरिकी मीडिया हाउस वॉल स्ट्रीट जनरल ने 17 जुलाई को पब्लिश रिपोर्ट में आशंका जताई थी कि विमान के पायलट कैप्टन सुमीत सभरवाल ने दोनों इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी। हालांकि, भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो और अमेरिका के नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने रिपोर्ट को गलत बताया

# झालावाड़-हादासा प्रशासनिक उदासीनता और बुनियादा ढांचे की उपेक्षा का दुष्परिणाम

## हाईकोर्ट ने कहा- जो कदम अब उठाए जा रहे है वो पहले उठा लेत तो मासूमों की जान बच जाती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि झालावाड़ हादसे की दुखद घटना प्रशासनिक उदासीनता और बुनियादी ढांचे की उपेक्षा के दुष्परिणामों की एक भयावह याद दिलाती है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए केन्द्रीय शिक्षा सचिव और मुख्य सचिव राजस्थान सहित अन्य से जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि घटना के बाद जो औपचारिकताएं और चिंताएं व्यक्त की जा रही है, अगर वो समय पर कर ली जाती तो शायद मासूमों की जान बच सकती थी। वहीं इस घटना ने जो अन्य मासूम बच्चों के मन पर प्रभाव डाला है उसे रोका जा सकता था।



अदालत ने अपने आदेश में कहा कि निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शिक्षा के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करना सरकार का संवैधानिक दायित्व हैं।

आरटीई एक्ट के तहत यह अनिवार्य किया गया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से स्कूल परिसर का निरीक्षण करके यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बुनियादी ढांचे की आवश्यकता का पालन किया जा रहा हैं। लेकिन झालावाड़ की घटना घटिया सामग्री के उपयोग, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नियमों की अनदेखी का परिणाम हैं।

# मौसम : राजस्थान में बारिश का जुलाई में 69-साल का रिकॉर्ड टूटा

## धौलपुर में आर्मी बुलाई, कोटा में हेलमेट पहनकर कॉलेज आए स्टूडेंट्स; 6 जिलों में अलर्ट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में इस मानसून सीजन में जुलाई में कुल 285 एमएम बारिश हुई है। जो पिछले 69 साल में जुलाई की सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 1956 में जुलाई में सर्वाधिक 308एमएम बारिश हुई थी।

प्रदेश में भारी बारिश से हालात बिगड़ रहे हैं। धौलपुर में चंबल खतरे के निशान से करीब 12 मीटर ऊपर बह रही है। कई इलाके डूब गए हैं। रेस्क्यू के लिए आर्मी को बुलाया गया है। पार्वती बांध के 4 गेट खोले गए हैं।

जयपुर में गुरुवार को झमाझम बारिश होती रही। खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी में खुले मेनहोल में बाइक सहित गिरने से युवक की मौत हो गई।

जून-जुलाई में अच्छी बारिश के बाद मौसम विभाग ने अगस्त में जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर सामान्य से अधिक बरसात का अनुमान जताया है। उदयपुर-जोधपुर संभाग में सामान्य से कम बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र जयपुर ने शुक्रवार को 6 जिलों में मध्यम से तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शेष राज्य में मौसम ड्राय रहने और हल्की बारिश का अनुमान जताया है।

### कोटा बैराज के गेट खोले गए

कोटा में चंबल का जलस्तर बढ़ने पर कोटा बैराज के गेट खोले गए। कोटा में सरकारी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स हेलमेट पहनकर कॉलेज पहुंचे। दरअसल, कॉलेज की बिल्डिंग 100 साल पुरानी है। कई जगह से जर्जर हो चुकी है। भरतपुर शहर में जगह-जगह जलजमाव हो गया है। नगर निगम कमिश्नर के घर में भी पानी घुस गया। सीकर के फतेहपुर शहर में रोडवेज बस जल-जमाव में डूब गई। जेसीबी की मदद से पैसेंजर्स का रेस्क्यू किया गया। अलवर में मूसलाधार बरसात के कारण सरकारी हॉस्पिटल में पानी भर गया। यही नहीं, अलवर शहर में सड़क धंस गई। 10 फीट का गड्ढा हो गया।

### धौलपुर के सरमथुरा में 123एमएम पानी बरसा

पिछले 24 घंटे के दौरान धौलपुर, भीलवाड़ा, नागौर, जयपुर, अलवर, सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं भारी बारिश हुई। धौलपुर के सरमथुरा में 123, झुंझुनूं के बिसाऊ में 100, मलसीसर, मंडावा में 43-43एमएम पानी बरसा। अलवर में 52, अलवर के गोविंदगढ़, राजगढ़ में 25-25, श्रीगंगानगर के चूनावध में 30, बारां के छबड़ा में 26 और भरतपुर के जुरहेरा में 27एमएम बारिश दर्ज की गई। भीलवाड़ा के डाबला में 26, कोटड़ी में 34, मांडलगढ़ में 35, जयपुर के चौमूं में 40, किशनगढ़-रेनवाल में 32, चाकसू में 30 और हनुमानगढ़ के भादरा में 45 व नोहर में 25एमएम बरसात दर्ज हुई।

### साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से बारिश

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून की ट्रफ लाइन अभी श्रीगंगानगर, रोहतक से होकर गुजर रही है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन साउथ-वेस्ट राजस्थान के अपर लेवल पर बना हुआ है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में कल बीकानेर संभाग में बारिश होने का अनुमान है। जबकि शेष राजस्थान में मौसम ड्राय रह सकता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार